तापमान
अधिकतम 40.8 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

16 सभी गुरुद्वारों में 40 दिनों तक एक साथ गूंजेगा...


17 पैकेज की दौड़ में पीछे छूट रहा शिक्षा का असल ...




भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस जांच में जुटी

## घरेलू विवाद के कारण बड़े भाई पर फावड़े से हमला कर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घरेलू विवाद के कारण बड़े भाई को फावड़ा से हमला कर छोटे भाई ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रूआबांधा स्थित मायानगर एचएससीएल कॉलोनी निवासी अशोक यादव और उसका छोटा भाई मनोज यादव दोनों मजदूरी का काम करते थे। दोनों के मध्य घरेलू बातों को लेकर अक्सर विवाद हुआ करता था। रविवार 10 मई की शाम अशोक और मनोज के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि घर में रखे फावड़े से मनोज ने अशोक पर घर में रखे फावड़े से हमला कर दिया। घटना में अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में अशोक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। डॉयल 108 एंबुलेंस की मदद से अशोक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देख रायपुर रेफर किया गया। परिजन और मेडिकल टीम उसे रायपुर लेकर जा रही थी। तभी रास्ते में ही अशोक ने दम तोड़ दिया। शव फिलहाल मेकाहारा की मरचूरी में रखा गया है। शव पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### घटना के बाद घायल को पहुंचाया गया था अस्पताल



### मामले में की जा रही जांच

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों सगे भाई हैं। घरेलू विवाद के चलते घटना होना संदेह जताया जा रहा है। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल अपराध दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जांच जारी है।

**सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी**

## आईपीएल सट्टा संचालन करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर ने सूचना पहले ऋषभ नगर दुर्ग निवासी विकास जैन, शिवपारा दुर्ग रौनक ताम्रकर, गवली पारा प्रवीण ताम्रकार को पकड़ा गया था। तीनों के पास से पुलिस ने तीन मोबाइल जब्त किया था। जांच और तीनों से पूछताछ करने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस को अह्म सुराग हाथ लगा। टीम बनाकर पुलिस गणपति विहार कॉलोनी पद्मनाभपुर निवासी अक्षत बोहरे ,जवाहर चौक दुर्ग मोहम्मद आदिल, डिपरापारा दुर्ग मोहम्मद अय्युब, मैथिलीपारा दुर्ग प्रकाश सोनी को पकड़ा गया। उक्त आरोपियों से पूछताछ करने पर सट्टे का संचालन करना स्वीकार किया। उनके पास से चार अलग-अलग कंपनियों के मोबाईल फोन जप्त किए गए। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने 8 मोबाईल फोन, नगदी 9,810 रुपये, सट्टा पट्टी की पाकेट डॉयरी समेत कुल 89,810 रुपये का सामान जब्त किया गया।

## उप-निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से समाप्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगर पालिक निगम भिलाई और रिसाली में पार्षद पद के लिए होने वाले उप-चुनाव क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अनुसूची के अनुसार पार्षद पद हेतु निर्धारित सारणी से सरल क्रमांक 01, 03, 05 और 12 को विलोपित कर दिया गया है। चूंकि सरल क्रमांक 3 के अंतर्गत दुर्ग जिले के भिलाई और रिसाली नगर निगम क्षेत्र आते थे, इसलिए इन क्षेत्रों में लागू आदर्श आचार संहिता को भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

पुलिस ने की अपील, संदिग्ध दिखने पर दें डॉयल 112 में सूचना

## खुर्सीपार में पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, 500 मकान और 200 वाहनों की जांच, सात वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र में सोमवार तड़के 4 बजे पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त करके चेकिंग अभियान चलाया। भारी संख्या में पहुंची पुलिस की टीमों ने बस्तियों, ट्रांसपोर्ट नगर, बाजार क्षेत्रों में संदिग्धों लोगों और वाहनों की जांच की। सुबह 9 बजे तक चली कार्रवाई में करीब 500 मकानों, 200 ट्रक-ट्रेलर व अन्य वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 7 संदिग्ध बाइक को जब्त किया गया। तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया है। अभियान में एएसपी, सीएसपी, थाना प्रभारी समेत 100 से अधिक पुलिस जवान मौजूद रहे। पुलिस की अलग अलग टीमों ने खुर्सीपार स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, अटल आवास देवार बस्ती, मछली मार्केट, ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में जांच की। अभियान के दौरान दो और चार पहिया वाहनों की डिक्की चेक की गई। ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े ट्रक और ट्रेलरों के चालकों, क्लीनरों के लाइसेंस, वाहन के दस्तावेज, आधार कार्ड की जांच की गई। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों, धारदार हथियार रखने वालों पर पैनी नजर रखी। कार्रवाई में एएसपी मणिशंकर चन्द्रा, डीएसपी क्राइम यदुमनी सिदार, थाना प्रभारी खुर्सीपार, भिलाई-3, जामुल समेत ट्रैफिक प्रभारी दुर्ग व अन्य थानों की पुलिस मौजूद रही।

### संदिग्धों की जानकारी देने डायल करें 112

अभियान के तहत तीन लोगों को पूछताछ के लिए खुर्सीपार थाना लाया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी से पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। नागरिकों को समझाइश देकर अपील की यदि उनके क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति, वाहन, गतिविधि दिखाई दे तो इसकी जानकारी तुरंत 112 में फोन करके पुलिस को दें।

आयोजन की तैयारी | श्याम भजन में देश के प्रसिद्ध गायक देंगे भजनों की प्रस्तुति

## 15 मई को दुर्ग में पहली बार गूंजेगा श्याम भक्ति का स्वर

**दुर्ग।** पुरानी गंजमंडी, गंजपारा में किया गया है, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य से महोत्सव का, आयोजन खाटू श्याम ज्योतिषी परिवार दुर्ग के प्रमुख पंडित संदीप शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। इसमें सहयोगी संस्थाओं के रूप में श्री गंजपारा दुर्गोत्सव समिति गंजपारा, श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर समिति, जन समर्पण सेवा संस्था एवं बोल बम सेवा समिति की सक्रिय भागीदारी रहेगी। देश के प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल (कोलकाता), प्रेम शर्मा (राजस्थान) और ममता चौधरी (दिल्ली) द्वारा श्री श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था के अलावा अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है। इस आयोजन को लेकर शहर ही नहीं, पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बनता दिखाई दे रहा है। खाटू श्याम ज्योतिष पोलसायपारा के संचालक पं. संदीप शास्त्री ने बताया कि श्याम पूर्ण इच्छा महोत्सव में आयोजित विराट भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का भव्य दरबार, अखंड ज्योति, इत्र वर्षा, छप्पन भोग प्रसादी (भंडारा) और आकर्षक लाइट-साउंड व्यवस्था आकर्षण के केन्द्र होंगे। पुरानी गंजमंडी क्षेत्र में पाइपलाइन के माध्यम से इत्र की वर्षा की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए अनूठा अनुभव बनेगा। उन्होने बताया कि महोत्सव की तैयारी चल रही है। महोत्सव में प्रदेशभर से श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। जिसके चलते भव्य तैयारियां की गई है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। महोत्सव का खाटू श्याम ज्योतिषी परिवार द्वारा पूर्व में पिछले 5 वर्षों से राजस्थान में आयोजन किया जा रहा था। इस वर्ष यह आयोजन दुर्ग में होने से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह का माहौल है। उन्होने प्रदेशभर के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें और भक्ति, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा के इस आयोजन का हिस्सा बनें। आयोजन को लेकर योगेंद्र बंटी शर्मा, सुरेश गुप्ता, दुर्गा मंदिर समिति के गुड्डु कश्यप, मनोज गुप्ता, लाला लक्की अग्रवाल, रवि ढोके, ईशान शर्मा, गगन शर्मा, विजय गुप्ता, विनोद शर्मा, अर्जित शुक्ला आदि द्वारा तैयारी की जा रही है।



advt






## खबर संक्षेप

### महिमा हॉस्पिटल उतई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई में मखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर रायपुर की तरफ से निसंतान दंपति और स्त्री रोग से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन 12 मई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक किया गया है। लोगों से अपील की गई है कि शिविर का लाभ अवश्य उठाए।

### पद्मश्री समाजसेवी के अपहरण से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम तिरगा के बूथ अध्यक्ष जितेंद्र देशमुख ने पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव के साथ कथित



अपहरण की कोशिश की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता सामने आई है। पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव के साथ कथित तौर पर अपहरण की कोशिश की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं और राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। जितेंद्र देशमुख ने घटना को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध चिंता का विषय हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## निधन

### उत्तम चंद साहू

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र, छावनी



चौक निवासी उत्तम चंद साहू का सोमवार 11 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अतुल चंद साहू, नितिन चंद साहू के पिता और राहुल साहू के बड़े पिता थे।

---

### जनसुराज शिविर में पुलिस व आबकारी विभाग के खिलाफ करेंगे शिकायत

# रानीतराई क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

रानीतराई पुलिस व आबकारी विभाग की निषक्रियता चलते यह गोरखधंधा गांव-गांव, गली-गली में धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। अपने छोटे-बड़े वाहनों से मदिरा प्रेमियों के सस्ते दामों पर अंग्रेजी शराब घर पहुंच सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। अवैध शराब की भरी पेटी पुलिस थाना के सामने से ले जाते कोचियों को जरा सी संकोच नहीं होता, फलस्वरूप गांव-गांव में अवैध शराब बेचने के लिये लोगों में प्रतिस्पर्धा होने लगी है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार देशी शराब भट्टी में शराब नहीं होते लेकिन कोचियों के पास भरपूर मात्रा में देशी अंग्रेजी शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है जिसे मंदिर प्रेमी भारी महंगे में भी शराब खरीद रहे हैं। बताया जाता है कि ग्राम घोरारी में खुलेआम पुलिस के शह में अवैध शराब की बिक्री हो रही है।

### कबाड़ और गांजा की धड़ल्ले से हो रही अवैध बिक्री




### सिर्फ खानापूर्ति के लिए होती है कार्रवाई

खानापूर्ति के लिए रानीतराई थाना के द्वारा कार्रवाई होती है लेकिन एक जवाबदार हवलदार खुलेआम अवैध वसूली कर शराब बेचने का काम करते हैं। रानीतराई थाना में पुराने स्टाफ के जाने के बाद से नए स्टाफ पूरा अवैध कार्यों में संलग्न है क्षेत्र में कबाड़ी, गांजा अवैध शराब बिक्री जोरों से चल रही है। वहीं आसपास के ग्राम इन दिनों शराब मय हो चला है। छोटे बड़े सभी ग्रामों में अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। पुलिस की नाक के नीचे कोचिये अवैध कारोबार को चरम सीमा पर पहुंचा दिया है। परिणामस्वरूप मदिरा प्रेमीयों को अंग्रेजी शराब के साथ बियर दुकानों में आसानी उपलब्ध हो रही है। छक कर पीने का मजा उठा रहे हैं। शराब के नशे में मदहोश शराबियों द्वारा चौक-चौराहों में आम नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार कर परेशान किया जा रहा है।

### अवैध कारोबार को नियंत्रण करने में शासकीय अमला असफल सिद्ध हो रहे

क्षेत्र में हो रहे इस अवैध कारोबार को नियंत्रण कर पाने में शासकीय अमला असफल सिद्ध हो रहे हैं। दुर्ग जिले के अंतिम छोर पर बसा यह रानीतराई क्षेत्र दुर्ग जिले की धमतरी सीमा से लगा हुआ है। सभी क्षेत्रों में स्वयं के वाहनों से अंग्रेजी शराब घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। इन कोचियों द्वारा किसी भी समय बेझिझक मोटर साइकिल से अवैध शराब ले जाया जाता है, जिसे बड़ी आसानी से देखा भी जा सकता है. कभी-कभार खाना पूर्ति के लिये क्षेत्र के पुलिस द्वारा प्रकरण तैयार करते है। असोगा के सरकारी दुकान में पर्याप्त मात्रा में शराब नहीं मिलते लेकिन गांव-गांव के कोचियो के पास कहां से शराब आ रहे हैं यह लोगों में चर्चा का विषय है मंदिर प्रेमी मंहगे दर पर शराब पी रहे हैं और वही कोचिया और थाना के स्टाफ द्वारा गांव-गांव में शराब बेच रहे हैं जिससे थाना को लाखों रुपए का आमदनी बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक हवलदार प्रतिदिन अवैध शराब एवं कबाड़ियों से अवैध वसूली में लगा रहता है।

### शिकायत की जाएगी

अवैध शराब, कबाड़ी, गांजा बिक्री बंद करने के लिए 21 मई को ग्राम सुराज अभियान शिविर कोही में पुलिस व आबकारी विभाग के खिलाफ शिकायत करेंगे।

**रश्मि भेदप्रकाश वर्मा**, जनपद सदस्य

---

# मिडिल स्कूल तेलीगुंडरा के चार विद्यार्थी संभागीय योगा के लिए हुए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सनसाइन पब्लिक स्कूल, स्टेशन रोड दुर्ग में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता 2026-27 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला दुर्ग के तीनों ब्लाक दुर्ग, पाटन और धमधा के बालक-बालिकाओं के लिए ट्रेडिशनल योगासन विधा आयोजित हुई, जिसमें 10-14 वर्ष एवं 14-17 वर्ष आयु वर्ग की छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम में उत्कृष्ट संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान खेल भावना एवं अनुशासन सराहनीय रहा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पाटन ब्लाक से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुंडरा के बच्चों ने महेंद्र कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन में विजयश्री का परचम लहराया। टोमांसिक पटेल, याना साहू, श्वेता यदु और भाविका देवांगन ने योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए स्थान सुरक्षित किये। इस अवसर पर कुमुद साहू प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल तेलीगुण्डरा, एमएल वर्मा प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुण्डरा, हेमंत कुर्रे संकुल समन्वयक, अंजू रत्नाकर खेल प्रशिक्षक, चंद्रहास साहू प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला अण्डा एवं महेंद्र कुमार साहू योग प्रशिक्षक शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलीगुण्डरा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेताओं को बधाई दी। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक विकास के साथ स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित होती है।

■ जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित

---

# कोड़िया में सरपंच प्रीमियम लीग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन, युवाओं में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया में सरपंच खुमान निषाद, पंचायत के पंच-उपसरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पहली बार सरपंच प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खेल मैदान में वार्डवार टीमों के बीच कराया गया। प्रतियोगिता को लेकर गांव में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीण मैच का आनंद लेने पहुंचे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए वार्ड क्रमांक 6 की धुरंधर इलेवन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वार्ड 5 की सुपर किंग्स टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रॉयल चैलेंजर एवं एचएम एकता टीम ने तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कई वर्षों बाद गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होने से पूरे ग्राम में खुशी का माहौल रहा। युवाओं और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह नजर आया। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच का खिताब सुधीर निषाद को मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार टीकम निषाद, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार हेमंत निषाद, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार भुनेश्वर निषाद तथा बेस्ट कैचर का पुरस्कार साहिल यादव ने अपने नाम किया।

इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता केवल खेल नहीं, बल्कि गांव के युवाओं को एकजुट करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा ही गांव के विकास की पहली सीढ़ी है और यदि खेल के माध्यम से युवाओं को जोड़ा जा सके तो यह गांव के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

---

# ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ ढौर में निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम ढौर में छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम जन सुराज अभियान के तहत आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के आम जनता अपनी समस्या को रखकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसमें पेंशन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जी राम जी जैसे महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ सरकार की योजना के संबंध में लोगों ने अपनी आवेदन लिखित में दिया। इसमें सरकार के अधिकारी-कर्मचारी लोग बड़े ही गंभीर होकर उनके समस्याओं के ऊपर निराकरण करने के लिए प्रयास किया है। इसमें ग्राम ढौर के निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल ने लोगों को भरपूर मदद किया ताकि आम जनता को उनकी समस्या हल हो सके।



---

# लगातार लो वोल्टेज से औंसर भाटापारावासी हो रहे परेशान, विद्युत विभाग से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



औंसर भाटापारा वार्ड 9 में पिछले कई महीनों से बनी हुई लो वोल्टेज की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। परेशान क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता को शिकायत पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

■ शिकायत पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की

ग्रामीणों का कहना है कि शाम एवं रात के समय बिजली का वोल्टेज अत्यंत कम हो जाता है, जिससे पंखे, कूलर, फ्रिज, पानी की मोटर एवं अन्य आवश्यक विद्युत उपकरण सही तरीके से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार स्थानीय विद्युत विभाग को मौखिक एवं लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और महंगे विद्युत उपकरण खराब होने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेकर तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए यदि ने ट्रांसफार्मर की आवश्यकता हो तो तत्काल लगाया जाय, ताकि ग्रामवासियों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च स्तर पर सामूहिक शिकायत एवं आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल सहित प्रकाश भास्कर, किशन ठाकुर, भीखूराम भारती, तुलसीदास वैष्णव, नागराज कश्यप, विमल गायकवाड़, कुलेश्वर वैष्णव, संजय वर्मा और मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

---

# हेल्थ सेंटर निर्माण को लेकर फैली अफवाह को पार्षद ने किया दूर

**उतई।** रिसाली नगर निगम के वार्ड 37 जोरातराई स्थित अंबेडकर आवास परिसर में प्रस्तावित हेल्थ सेंटर निर्माण को लेकर फैल रही अफवाह पर वार्ड पार्षद हरीश नायक ने सफाई दी है। उन्होंने कहा



कि किसी भी परिवार का मकान पूरी तरह नहीं तोड़ा जा रहा है, बल्कि केवल 8 परिवारों को पास के स्थान पर शिफ्ट कर हेल्थ सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

पार्षद हरीश नायक ने बताया कि अंबेडकर आवास का निर्माण वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन करीब 5 से 6 साल बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी। लंबे समय तक मकान खाली रहने के कारण वर्ष 2010-12 के बाद बाहर से आने वाले मजदूरों को वहां अवैध रूप से ठहराया जाने लगा। इसके बाद आसपास के कुछ लोगों ने भी आवासों पर कब्जा कर लिया। कई लोग इन मकानों का उपयोग किराए व स्टोर रूम के रूप में भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वहां रहने वाले कुछ लोग 25 से 30 साल से निवास करने का दावा कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह नहीं है। पार्षद ने यह भी कहा कि बिजली, पानी या अन्य किसी प्रकार का टैक्स जमा करने के दावे भी गलत हैं। यदि कोई टैक्स जमा कर रहा है तो उसके दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं।

---

# सोनी समाज प्रीमियर लीग सेशन-2 का फाइनल में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



सोनी समाज प्रीमीयम लीग सेशन-2 द्वारा आयोजित ग्रैंड फाइनल मैच का आयोजन ममतामयी क्रिकेट स्टेडियम कुम्हारी में रविवार को संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, विशेष अतिथि रमेश सपहा पार्षद वार्ड-60 रायपुर नगर पालिका निगम एवं अतिथि के रूप में समाज से खरोरा नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर सांसद के सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान समाज के सचिव गणेश कुमार सोनी कन्नोजिया स्वर्णकार समाज कल्याण जिला रायपुर साथ ही साथ छत्तीसगढ़ सोनी समाज के पूरे प्रदेश से गणमान्य लोग उपस्थित हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों और समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन या शारीरिक व्यायाम का साधन नहीं है बल्कि ये समाज में एकता और भाईचारे का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज के युवाओं को एक मंच मिलता है जिससे उनमें अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने मैदान पर खिलाड़ियों के जोश की सराहना करते हुए कहा कि समाज का यह एकजुट स्वरूप देखकर प्रसन्नता होती है।

सोनी समाज प्रीमीयम लीग सेसन-2 के आयोजक मंडल के अध्यक्ष ललित सोनी, संरक्षक देवी प्रसाद सोनी, कोषाध्यक्ष कुमार सोनी, सचिव पूरण सोनी, सदस्यों में प्रदीप सोनी, गोपाल सोनी, जितेद्र सोनी, सुभाष सोनी, नवीन सोनी, दद्दू सोनी एवं शुभम सोनी सहित टीम ऑनर रुपेश सोनी, प्रदीप सोनी, गोपाल सोनी, नवीन सोनी, ऋतुराज सोनी, संजू सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी, बुन्देली से सरपंच दिवाकर सोनी, भिलाई-3 से पूर्व अध्यक्ष लवकुश स्वर्णकार, दुष्यंत सोनी, तुलसी स्वर्णकार, भाटापारा के अध्यक्ष खेमराज सोनी, भिलाई-3 अध्यक्ष संजू सोनी एवं भूपेंद्र सोनी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

---

# आर्ट ऑफ गिविंग के वालंटियर्स ने गुरेदा में श्रमदान कर बनाया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ गिविंग के वालंटियर्स द्वारा ग्राम गुरेदा में श्रमदान कर प्याऊ घर का निर्माण किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, ग्रामीणों एवं जरूरतमंद लोगों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। वालंटियर्स ने सामूहिक श्रमदान करते हुए प्याऊ घर को तैयार किया तथा वहां पानी की व्यवस्था भी की। इस सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है" का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ गिविंग के जिला समन्वयक यशवंत कुमार टंडन ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग संस्था के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत सदैव मानव सेवा, सामाजिक सहयोग और जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य करती रही है। गर्मी के इस मौसम में प्याऊ घर लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गुरेदा के सरपंच महेन्द्र साहू ने युवाओं की कार्य की सराहना किया। संस्था के वालंटियर पूजा कुंभकार, फनेश्वरी साहू, नेहा साहू, सूरज नागवंशी, देवेन्द्र कुमार ठाकुर, अजय कुमार साहू, तोरण कुंभकार, अमृत कुंभकार, चित्रागण कुंभकार, यामिनी साहू, तुलिका निषाद, हेनम कुंभकार, गायत्री साहू, सोनम निषाद, तुषांत साहू एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## बिजनेस साइट

# फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण के बाद युवाओं को मिल रहा रोजगार



**भिलाई।** फायर, सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट निजी प्रशिक्षण संस्थान रामनगर भिलाई द्वारा इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद छात्र-छात्राएं अपना रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य उज्जवल बना रहे हैं। संस्था गत 13 वर्षों से फायर और इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट के प्रशिक्षण के रूप में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाने में मदद करना है। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी और जनसंपर्क मनोज ठाकरे, ट्रेनर एसएल धनकर, तपन कुमार विश्वास और रामचंद्र साहू जी ने बताया कि हर वर्ष संस्था में लगभग 50 से 55 छात्र प्रशिक्षण को प्राप्त करते हैं, जिसमें से लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने अपना पद फायरमैन व सुरक्षा प्रबंधन के रूप रोजगार प्राप्त कर लेते है। भिलाई स्टील प्लांट, एसीसी सीमेंट, अडानी ग्रुप जामुल भिलाई, एनएमडीसी बचेली जगदलपुर, डीआरडीओ भारतीय रक्षा मंत्रालय जगदलपुर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, गन कैरिज फैक्ट्री इटारसी, एयरपोर्ट अमला मध्य प्रदेश, मोनेट इस्पात गोदावरी इस्पात रायपुर, जिंदल इस्पात रायगढ़, कोरबा वेस्ट पावर प्लांट रायगढ़ जैसी विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

---


## सार्वजनिक सूचना
(PUBLIC NOTICE)

1. यह सूचित किया जाता है कि चेक जारीकर्ता श्री परमजीत सिंह पिता दिलबाग सिंह, आयु लगभग 31 वर्ष, निवासी-22/एफ, सड़क-28, सेक्टर-04 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, मोबाईल नंबर 8319404562 के द्वारा मेरे पक्षकार श्रीमती स्टेला कौर ओंदे पति श्री परमजीत सिंह, आयु लगभग 32 वर्ष, निवासी, सेक्टर-05 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के पक्ष में चेक क्रमांक 000007 चेक दिनांक 30/03/2026 एवं चेक राशि 4,22,000/- रूपये कोटक महिन्द्रा बैंक शाखा सुपेला, गंगोत्री कॉम्प्लैक्स, जी.ई. रोड, सुपेला दुर्ग भिलाई नगर- 490023 का चेक प्रदान किया गया।

2. यह कि उक्त चेक को मेरे पक्षकार के द्वारा कैनरा बैंक शाखा सेक्टर 06 भिलाई (भिलाई नगर) के खाता क्रमांक 02098136000119 में दिनांक 30/03/2026 को संशोधन हेतु प्रस्तुत किया जो कि खाता फण्डस् इंसफिशिएंट/अपर्याप्त राशि की टीप के साथ दिनांक 02/04/2026 को बैंक द्वारा अनादरित कर वापस कर दिया गया।

अतः चेक जारीकर्ता को इस सूचित के माध्यम से निर्देशित किया जाता है कि 15 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार को चेक क्रमांक 000007, चेक राशि 4,22,000/- रूपये भुगतान कर अपना चेक वापस प्राप्त कर लेवे। अन्यथा चेक जारीकर्ता के विरूद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी।

स्थानः दुर्ग
दिनांकः 10/05/2026

प्रेषक
कर्टिस कॉलिंस (अधिवक्ता)
महाराणा प्रताप चौक, गौरव पथ रोड, भाटिया फ्यूल के पास चंदेला नगर, बिलासपुर-(छ.ग.)
पिन 495001, मो-7974151491


---

# कुम्हारी में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार-2026 में आयोजित शिविरों की कड़ी में, 12 मई को नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अंतर्गत वार्ड क्र. 15 स्थित बैडमिंटन कोर्ट में विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर में वार्ड 9 से 12 और 14 व 15 के नागरिक अपनी शिकायतों और मांगों का निराकरण कराने पहुंच सकते हैं।

# जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आज, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव एवं दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में 12 मई को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक सुबह 10:30 बजे एनसीओआरडी एवं 11 बजे जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिले के लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में आयोजित होगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस संबंध में जिले के सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी विभाग प्रमुखों को बैठक के निर्धारित एजेंडा के आधार पर अद्यतन जानकारी के साथ नियत समय पर उपस्थित होने कहा है।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


वेदर अलर्ट : राजस्थान से बंगाल तक ट्रफ लाइन और बिहार से आंध्र प्रदेश तक एक्टिव साइक्लोन का असर

# दिनभर खिली धूप, पारा एक बार फिर 40 के पार, आज बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मई के महीने में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। अंधड़ और हल्की बारिश के बाद सोमवार को पूरे दिन धूप खिली रही, हालांकि कुछ समय के लिए हल्के बादल नजर आए। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो राजस्थान से बंगाल तक बनी ट्रफ लाइन और बिहार से आंध्र प्रदेश तक एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण दुर्ग संभाग सहित छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों का मौसम बदला हुआ है। इसके प्रभाव से हर दिन शाम और रात में बादल, गरज-चमक और तेज हवाओं की



स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटों में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और बिजली गिरने का खतरा भी बना रहेगा। अगले 4 दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में पारा 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे गर्मी का असर फिर तेज होगा। पिछले 24 घंटे में 39 डिग्री के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा। वहीं 19.2 डिग्री के साथ पेंड्रा रोड सबसे ठंडा रहा। सोमवार को दुर्ग के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई। लोगों ने गर्म हवाओं का असर महसूस किया। भिलाई-दुर्ग में दोपहर या शाम तक हल्के बादल छाए रहे। हालांकि शाम होते-होते एक बार फिर धूप खिली। दुर्ग के अलावा आसपास के जिलों बालोद, बेमेतरा और राजनांदगांव में अगले 4 दिनों तक हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। कुछ इलाकों में गरज-चमक, बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार है।

## सूर्या मॉल के पास नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस कार्रवाई

**भिलाई।** सूर्या मॉल के आसपास में नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा के निर्देश पर वाहनों के खिलाफ मोहटर व्हीकल एक्ट के तहत



कार्रवाई कर ई चालान भेजा गया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मौके पर खड़े वाहन चालकों को समझाइश देते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने, सड़क पर अवैध पार्किंग नहीं करने का हिदायत दिया है। उक्त कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की भूमिका रही है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करे। सड़क पर अवैध पार्किंग कर ट्रैफिक बाधित न करें। ट्रैफिक नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## जमीन फर्जीवाड़ा के मामले में फरार उद्योगपति और पत्नी की खोजबीन के लिए बनी तीन टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- कोर्ट के आदेश के बाद सुपेला पुलिस ने दर्ज किया है अपराध

सिमप्लेक्स कॉस्टिंग प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका संगीता शाह और उनके पति केतन शाह के खिलाफ सुपेला पुलिस ने जमीन फर्जीवाड़ा के मामले में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड में दोनों फरार हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संगीता व केतन शाह को पकड़ने के लिए सुपेला पुलिस ने तीन टीमें बनाई है। पुलिस दोनों उद्योगपति को पकड़ने के लिए पतासाजी कर रही है। इसके लिए पुलिस जगह-जगह दबिश भी दे रही है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सुनील सोमन फर्जीवाड़ा की शिकायत सुपेला पुलिस से कई दिनों से करता रहा, लेकिन अपराध दर्ज नहीं किया गया। परेशान सुनील सोमन ने न्यायालय का शरण ली। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने संगीता और उनके पति केतन शाह के खिलाफ अपराध दर्ज किया। दोनों को पकड़ने और खोजबीन कर एसीसीयू की टीम भी जुटी हुई है। पुलिस को संगीता शाह और केतन शाह को लेकर अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों के मोबाइल नंबरों को भी ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक धोखाधड़ी का मामला कोहका का पहला नहीं है। इसके पूर्व भी थाना पुलगांव में 7 अप्रैल 2025 को अपराध क्रमांक 109/25 की धारा 420 के तहत संगीता केतन शाह के खिलाफ अपराध दर्ज है। जिसमें संगीता शाह अग्रिम जमानत पर हैं। टीआई विजय यादव ने बताया कि जमीन धोखाधड़ी मामले में पुलिस टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दे रही है।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अहिवारा क्षेत्र में शराब बेचते पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 4 अहिवारा निवासी सज्जन खान उर्फ सजन बताया है। उसके पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी शराब कीमत 3,200 रुपये आंकी गई है। नगदी रकम 500 और बाइक जब्त किया गया है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस का योगदान रहा है।









हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

- रोज शाम 4 बजे से 6 बजे तक गुरु अर्जन देव के शहीदी पर्व पर होगा समापन
- भिलाई के हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे सहित पूरे देश में मानव कल्याण का संदेश



**नई पीढ़ी को गुरु परंपरा से जोड़ने का प्रयास :** कीर्तन, कथा और सेवा गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को गुरु साहिबान की शिक्षाओं, बलिदान और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा है, ताकि समाज में सेवा और संस्कारों की परंपरा मजबूत हो सके।

## लाइव इवेंट

### माताओं-बच्चों को समर्पित रही त्रिवेणी, 150 प्रतिभागियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**भिलाई।** जीव दया ग्रुप जैन समाज द्वारा दुर्ग के ऋषभ देव परिसर में मदर्स डे के अवसर पर त्रिवेणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां माताओं और बच्चों के नाम समर्पित इस विशेष आयोजन ने प्रेम, सम्मान और संस्कारों की खूबसूरत मिसाल प्रस्तुत की। यह खास आयोजन माताओं और बच्चों को समर्पित रहा, जिसमें 150 से अधिक लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

- मातृत्व, संस्कार और स्नेह की त्रिवेणी से सजी शाम, मां-बच्चों को समर्पित आयोजन ने जीता दिल

आयोजन का शुभारंभ दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जीव दया ग्रुप जैन समाज द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में डांस, क्ले आर्ट, रैंप वॉक, एक्टिंग और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों और माताओं की सहभागिता ने पूरे माहौल को जीवंत, भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में गूंजा पिंचा, रुचिता बाघमार, सृष्टि बुरड और स्नेहा ढेलडिया शामिल रहीं।

कार्यक्रम में मातृत्व, परिवार और संस्कारों के महत्व पर ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। जीव दया ग्रुप सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत गर्मी के मौसम में बेजुबान जीवों एवं पक्षियों के लिए सकोरे, कोटना, प्याऊ घर और चलित प्याऊ घर के माध्यम से सेवा कार्य लगातार कर रहा है। आयोजन में पदम बरडिया, राजेश कटारिया, पारसमल कोचर, महावीर लोढ़ा, विपिन सुराणा, रमेश टाटिया, अंकुश टाटिया, रेखा कटारिया, सरोज कोचर, नंदा देवी पारख, सुनीता लूणावत सहित सकल जैन समाज की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



## सिटी इवेंट

### रैपिड शतरंज महासंग्राम दुर्ग में 23 को संभागीय खिलाड़ियों को मिलेगा मंच



**भिलाई।** शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि रणनीति, धैर्य और बौद्धिक क्षमता का अद्भुत संगम है। युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और संभागीय स्तर पर शतरंज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दुर्ग में 23 मई को जी एच रायसोनी स्मृति दुर्ग संभाग एक दिवसीय रैपिड शतरंज स्पर्धा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी रणनीतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सम्मानजनक पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में जी एच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से यह प्रतियोगिता जलाराम सांस्कृतिक भवन, सिविल लाइन दुर्ग में आयोजित होगी। संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिलों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। स्पर्धा में कुल 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। विजेता को 11 हजार रुपए सहित ट्रॉफी, उपविजेता को 7 हजार रुपए तथा अन्य शीर्ष खिलाड़ियों को भी आकर्षक नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मोमेंटो दिए जाएंगे। महिला, वरिष्ठ, दुर्ग जिला एवं जूनियर वर्गों में भी विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। सभी प्रतिभागियों को मेडल और ई-सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं तकनीकी सहायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। भाग लेने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मई है। जिला शतरंज संघ के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा और पदाधिकारी दिनेश जैन, ललित वर्मा, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, एस के भगत, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत, अजय साहू, त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान ने संभाग के सभी शतरंज खिलाड़ियों से इस स्पर्धा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की अपील की है।

- 51 हजार रुपए राशि के अलावा ट्रॉफी, मोमेंटो एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल दिए जाएंगे



देशभर के गुरुद्वारों में एक साथ प्रारंभ हुआ विशेष आध्यात्मिक आयोजन

# सभी गुरुद्वारों में 40 दिनों तक एक साथ गूंजेगा सुखमनी साहिब पाठ, नई पीढ़ी को गुरु परंपरा से जोड़ने सेवा व समर्पण का संकल्प

**सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज एवं अद्वितीय तप, त्याग और शांति के प्रतीक गुरु अर्जन देव की पावन शहादत को स्मरण करते हुए गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव, हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में 40 दिवसीय सुखमनी साहिब पाठ का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ किया गया। देशभर के गुरुद्वारों के साथ एकसाथ प्रारंभ हुए इस विशेष आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक सुखमनी साहिब के पाठ, कीर्तन, कथा एवं अरदास के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र में सुख-शांति, सुरक्षा और समरसता की कामना की जा रही है। इस आयोजन के द्वारा नई पीढ़ी को गुरु परंपरा से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।**

**भिलाई।** गुरुद्वारा परिसर में सजे कीर्तन दरबार में रागी जत्थों द्वारा गुरुजी की शहादत, सेवा, सहनशीलता और मानव कल्याण की अमर गाथाओं का वर्णन किया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरु वाणी से जुड़ रहे हैं और गुरु परंपरा से प्रेरित जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम उपरांत कढ़ाह प्रसाद एवं लंगर वितरण ने सेवा और समानता की परंपरा को और सशक्त किया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जसवीर सिंह एवं संगत ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि गुरु अर्जन देव जी की शिक्षाओं के अनुरूप समाज स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा, अज्ञानता उन्मूलन, भूखमरी और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सेवा अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेगा।



### गुरु की शिक्षाओं से समाज को नई दिशा

गुरु अर्जन देव का जीवन केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव सेवा, समाज कल्याण और राष्ट्रहित के लिए पूर्ण समर्पण की प्रेरणा है। उनके आदर्श आज भी समाज को सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाते हैं।

### साहिब पाठ से शांति और सामाजिक समरसता

लगातार 40 दिनों तक होने वाले पाठ के माध्यम से श्रद्धालु अपने जीवन में संयम, शांति, सहनशीलता और सेवा की भावना विकसित कर रहे हैं। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश दे रहा है।

### शहीदी पर्व पर सेवा का विशेष संकल्प

18 जून को चना-शर्बत वितरण जैसे सेवा कार्यों के माध्यम से गुरुद्वारा प्रबंधन समाज के हर वर्ग तक सेवा और मानवता की भावना पहुंचाने का कार्य करेगा। यह आयोजन धार्मिकता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी उदाहरण बनेगा।

### मानव समाज को सेवा, सहनशीलता और राष्ट्रधर्म का दिया संदेश



संगत को संबोधित करते हुए बताया गया कि गुरु अर्जन देव ने अमानवीय यातनाओं के बीच भी तेरा भाणा मीठा लागे का संदेश देकर मानवता को धैर्य, समर्पण और ईश्वर विश्वास की सर्वोच्च प्रेरणा दी। तपते तवे और गर्म रेत जैसी यातनाओं के बीच भी उनका अडिग आत्मबल आज भी संपूर्ण मानव समाज को सेवा, सहनशीलता और राष्ट्रधर्म का मार्ग दिखाता है। इस 40 दिवसीय आयोजन का समापन 18 जून को गुरुजी के शहीदी पर्व पर विशेष दीवान, अरदास और विशाल चना-शर्बत वितरण सेवा के साथ किया जाएगा, जिसमें राहगीरों एवं जरूरतमंदों की सेवा की जाएगी। स्थानीय संगत द्वारा तन, मन और धन से दिए जा रहे सहयोग ने इस आयोजन को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक जागरण का विराट अभियान बना दिया है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर जुटा राजपूत समाज

### एकजुटता का दिया संदेश




**दुर्ग।** राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेवाभावी कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम मची। समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों और वक्ताओं ने समाज में एकता, संस्कार, शिक्षा और नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजपूत समाज की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति एवं संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। जयंती के अवसर पर दुर्ग-भिलाई से राजपूत क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या मे जुटे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।



# डॉ. दीनदयाल के छत्तीसगढ़ी उपन्यास पीरा का हुआ विमोचन




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक आयोजन सोमवार को न्यू सर्किट हॉउस रायपुर के सभागार में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण रायपुर के विधायक सुनील सोनी, धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, अरुण निगम, शशि दुबे, जोशी बहने साहित्य रायपुर जिले सहित अन्य जिलों के भी साहित्यिक प्रतिभाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में साहित्यकार और संपादक डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी उपन्यास पीरा का विमोचन किया गया। डॉ दीनदयाल साहू की यह तीसरी उपन्यास है। इसके साथ ही दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशाधीन है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी और हिन्दी सहित कई विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इस उपलब्धि के लिए अंचल के अनेक साहित्यिक संस्थाओं , लोक कला मंचों के साथ सामाजिक संस्थाओं ने भी डॉ दीनदयाल साहू को बधाई दी है।

## निरंकारी बाल समागम में बच्चों ने अनेक भाषाओं में दी प्रस्तुतियां

# गीत, नृत्य और नाट्य से बच्चों ने सिखाई विनम्रता समर्पण और सद्भावना, संस्कारों से सजाया समागम

**भिलाई।** बचपन केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि संस्कारों और मानवीय मूल्यों के बीजारोपण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। जब बच्चों के मन में आध्यात्मिकता, सेवा, सहनशीलता और प्रेम के संस्कार विकसित किए जाते हैं, तब वही पीढ़ी समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनती है। सेक्टर-8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित बाल समागम में बच्चों ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता, सेवा और सहनशीलता का प्रेरक संदेश दिया।संत निरंकारी मंडल ब्रांच दुर्ग-भिलाई की बाल संगत द्वारा आयोजित इस विशेष समागम में बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटकों के जरिए विनम्रता, समर्पण, शुकराना, सहनशीलता एवं सद्भावना जैसे मानवीय गुणों को जीवंत किया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में गीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश देने के साथ ही अनेक भाषाओं और संस्कृतियों की प्रस्तुतियां और नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजकों ने बताया कि बाल संगत का उद्देश्य ही बच्चों में शुरू से आध्यात्मिक चेतना जगाना है ताकि वे बड़े होकर समाज के लिए मिसाल बनें।





### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों हुए भावविभोर



बच्चों ने अपने संदेश में बताया कि यदि जीवन में प्रारंभ से ही आध्यात्मिकता और संस्कारों का समावेश हो, तो समाज में प्रेम, भाईचारा और मानवता की भावना और अधिक सशक्त होती है। कार्यक्रम में पंजाबी गीत, छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित नृत्य, सिंधी एवं उड़िया प्रस्तुतियों के माध्यम से अनेकता में एकता का संदेश दिया तो पूरा सत्संग भवन तालियों से गूंज उठा। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

### बच्चे हैं देश का भविष्य

ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने कहा



बच्चे देश का भविष्य हैं। यदि उन्हें बचपन से सेवा, मानवता एवं श्रेष्ठ मानवीय गुणों की शिक्षा दी जाए, तो वे राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। रायपुर से उपस्थित रिया जसवानी ने बाल संगत को बच्चों के आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। शंकर सचदेव ने बताया कि समागम में दुर्ग-भिलाई सहित जामुल, उरला, चीचा, अहिवारा एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों ने सहभागिता की। सुबह से शाम तक चले इस आयोजन का पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेम और उत्साह से सराबोर रहा। अभिभावकों ने भी माना कि ऐसे आयोजन बच्चों को मोबाइल और टीवी की दुनिया से निकालकर संस्कारों से जोड़ते हैं।

## सिटी इवेंट

# संकटग्रस्त महिलाओं को मिलेगी सुरक्षा, शिकायत काउंटर खुला



**भिलाई।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में भिलाई नगर में अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर का शुभारंभ किया गया। अब घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण या अन्य संकट से जूझ रही महिलाओं को पुलिस, कानूनी, चिकित्सकीय, मनोवैज्ञानिक सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी आवश्यक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यह केंद्र स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर, फरीद नगर थाना सुपेला, भिलाई में स्थापित किया गया है, जहां 24 घंटे और सातों दिन सेवाएं संचालित रहेंगी। जरूरतमंद महिलाएं हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भिलाई नगर में अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर का विधिवत शुभारंभ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह केंद्र भिलाई-दुर्ग क्षेत्र की महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच सिद्ध होगा और संकट की स्थिति में महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करेगा। सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य हिंसा या उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं को भटकाव से बचाते हुए एकीकृत सहायता प्रदान करना है। यहां घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, यौन हिंसा या अन्य सामाजिक संकटों से प्रभावित महिलाओं को पुलिस सहायता, कानूनी सलाह, चिकित्सा सुविधा, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा पांच दिनों तक अस्थायी आश्रय निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह केंद्र स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर, फरीद नगर थाना सुपेला, भिलाई में स्थापित किया गया है, जहां 24 घंटे और सातों दिन सेवाएं संचालित रहेंगी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. जांबुलकर, परियोजना अधिकारी अनीता सिंह, केंद्र प्रशासक कविता बघेल, अवंती साहू, चाइल्ड लाइन समन्वयक चंद्रप्रकाश पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस विभाग एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और सुन्दरकांड का पाठ कर दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की समर्पित कार्यकर्ता एवं शांतिकुंज हरिद्वार में विवाह पूर्व देवकन्या के रूप में सेवा देने वाली स्व श्यामा सोनबेर की प्रथम पुण्यतिथि पर भिलाई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रियदर्शनीय परिसर गार्डन के समीप आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, खैरागढ़ और जालबांधा सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 500 से अधिक गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर श्यामा सोनबेर को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन, सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण को स्मरण किया गया। गायत्री परिवार भिलाई के ब्लॉक समन्वयक बी.पी. सिंह ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार में देवकन्या रहते हुए श्यामा सोनबेर ने जिन आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात किया, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। डॉ. शोभा शशिकांत फटिंग ने उनके जीवन को नारी सशक्तिकरण, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के लिए समर्पित बताया। भिलाई की साइकोलॉजिस्ट एवं स्पेशल एजुकेटर डॉ. मोनिका साहू ने कहा कि श्यामा सोनबेर का जीवन सादगी, त्याग और वात्सल्य की मिसाल था। उन्होंने पूरे गायत्री परिवार को अपना परिवार मानकर सदैव समाजहित में कार्य किया। गायत्री परिवार कार्यकर्ता विजेंद्र सोनबेर के नेतृत्व में आयोजित महायज्ञ एवं सुंदरकांड पाठ का संचालन रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, सुनील वैष्णव, गिरधारी लाल साहू, हेमलाल साहू तथा गायत्री महिला मंडल रिसाली के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आरती, शांतिपाठ, प्रसाद वितरण के साथ साहित्य एवं पौधों का वितरण कर पर्यावरण एवं संस्कार संवर्धन का संदेश भी दिया गया।



# छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज ने किया बांग्ला कैलेंडर पंचांग का विमोचन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बांग्ला कैलेंडर पंचांग का प्रकाशन किया गया है। जिसका प्रथम प्रिंट बांग्ला तिथि 25 बैसाख कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बांग्ला कैलेंडर पंचांग 1433 भिलाई नगर कालीबाड़ी सेक्टर 6 में अतिथियों द्वारा किया गया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील सहित समाज के सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर विधायक श्री सेन ने कहा कि समाज की ओर से कैलेंडर पंचांग पर आधारित पूरे विवरण बांग्ला भाषा में प्रकाशित किया गया है, जो बांग्ला भाषा को समझने वाले बहुत ही सुविधाजनक रूप से देख सकेंगे। जिसमें दैनिक तिथि, शुभ मुहूर्त, एकादशी, विवाह की तारीखें, त्योहार का समय शामिल है। इस विमोचन के अवसर पर सेक्टर 6 कालीबाड़ी समिति के सुमित घोषाल, अजय मिश्र, समीर घोषाल, विश्वजीत दास, प्रसम दत्ता सहित अनेकों गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से मौजूद थे।

## रूंगटा यूनिवर्सिटी में हायर एजुकेशन, इनोवेशन और इंडस्ट्री रेडीनेस पर हुई चर्चा

# पैकेज की दौड़ में पीछे छूट रहा शिक्षा का असल मकसद सरकारी व निजी संस्थानों में प्रतिस्पर्धा नहीं सहयोग जरूरी

**भिलाई।** आज छात्र कॉलेज में प्रवेश लेते ही सबसे पहला सवाल पूछता है, मुझे कितने पैकेज की नौकरी मिलेगी? यही सबसे बड़ी गलती है। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ पैकेज नहीं होना चाहिए। उसे बेहतर इंसान बनाना, उसके भीतर मूल्य पैदा करना, ताकि परिवार और समाज कह सके कि हां, वह सच में शिक्षित व्यक्ति है। यह बातें सोमवार को आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुई राउंड टेबल चर्चा के दौरान कहीं। इस चर्चा के होस्ट रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी थे। हायर एजुकेशन के बदलते स्वरूप और इंडस्ट्री पर पूछे गए सवाल पर बोलते हुए प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि, शिक्षा को बहुत सीमित कर दिया गया है, सिर्फ साइंस, इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा पर जोर दिया गया, जबकि कला, साहित्य और मानविकी जैसे विषयों को पीछे कर दिया गया। इससे शिक्षा का संतुलन बिगड़ गया। हमें फिर से समग्र शिक्षा की ओर लौटना होगा। इस दौर में एक और समस्या है। सरकारी और निजी संस्थानों के बीच विभाजन। यह सही है कि हर किसी को सरकारी संस्थानों में प्रवेश नहीं मिल सकता, इसलिए निजी संस्थान भी आए। लेकिन असली सवाल यह नहीं होना चाहिए कि संस्थान सरकारी है या निजी। शिक्षा तो शिक्षा होती है। सरकार चलाए या निजी प्रबंधन, वह केवल प्रशासन और मैनेजमेंट का फर्क है। किसी भी शिक्षण संस्थान को उत्कृष्ट बनाने के लिए जरूरी है कि वहां सही वातावरण और सहयोग की भावना हो। सरकारी और निजी संस्थानों के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग होना चाहिए।



### साथ मिलकर चलने तैयार है आईआईटी

प्रो. राजीव प्रकाश ने आगे कहा कि, हम साथ मिलकर चलने को तैयार हैं। सबसे पहले अपने अच्छे शिक्षकों की पहचान कीजिए। फिर 50 ऐसे छात्रों को चुनिए जो आगे बढ़ना चाहते हैं। इन शिक्षकों और छात्रों को दूसरे संस्थानों, उद्योगों और समाज से जोड़िए। शुरुआत में थोड़ा प्रोत्साहन देना पड़ेगा। धीरे-धीरे यही 10 शिक्षक 20 बनेंगे, 20 से 40 बनेंगे, और 50 छात्र 100-150 तक पहुंच जाएंगे। इसी प्रक्रिया से सरकारी और निजी संस्थानों के बीच एक मजबूत पुल बनेगा और सहयोग का एक बड़ा शैक्षणिक इकोसिस्टम तैयार होगा।



### क्यों जरूरी है रैंकिंग

कार्यक्रम में वर्ल्ड वाइड एजुकेशन इंस्टीट्यूट को रैंकिंग देने वाली संस्था क्यूएसआई गेज के एमडी रविन नायर भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, आज के छात्र भी पहले जैसे नहीं रहे। वे सिर्फ यह नहीं देखते कि कौन सा विश्वविद्यालय सबसे बड़ा या प्रसिद्ध है। वे यह जानना चाहते हैं कि किस संस्थान की किसी विशेष विषय में पकड़ मजबूत है, वहां के शिक्षक कितने योग्य हैं, रिसर्च का स्तर कैसा है और इंडस्ट्री से उसका जुड़ाव कितना मजबूत है। इसलिए आज रैंकिंग और मूल्यांकन महत्वपूर्ण हो गए हैं। कंपनियां हजारों फ्रेशर्स की भर्ती करती हैं, तो उनके पास हर छात्र को व्यक्तिगत रूप से परखने का समय नहीं होता। ऐसे में वे विश्वविद्यालयों की मान्यता, रैंकिंग और गुणवत्ता को देखते हैं।

### बढ़ रही दो मिनट वाली संस्कृति

प्रो. राजीव प्रकाश में बताया कि, निजी विश्वविद्यालयों ने कई क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में भी बेहतर स्थान हासिल करते हैं, क्योंकि वे निर्णय जल्दी ले पाते हैं और बदलाव के लिए अधिक स्वतंत्र होते हैं। आजकल कई कंपनियां और संस्थान सिर्फ अपने प्रचार और बाजार पकड़ने पर ध्यान दे रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि आप कितनी जल्दी लोगों तक पहुंच रहे हैं, बल्कि सवाल यह है कि आप समाज को क्या दे रहे हैं। आज बच्चे वही चाहते हैं जो उन्हें तुरंत मिल जाए, लेकिन शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण ऐसा क्षेत्र है जहां समय, धैर्य और गहराई की जरूरत होती है।

### घरेलू संस्थानों पर करना होगा भरोसा

कार्यक्रम में भिलाई की लीडिंग आईटी फर्म ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ के को-फाउंडर सोमेश शर्मा ने इस चर्चा में कहा कि, उद्योग और शिक्षा जगत को साथ आना होगा। अगर कोई विश्वविद्यालय वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार खुद को ढाल रहा है, अच्छा शोध कर रहा है और छात्रों को सही दिशा दे रहा है, तो एक नियोक्ता के रूप में मुझे वहां से छात्रों को प्लेसमेंट देने में कोई हर्ज नहीं होगा। आज भी कई कंपनियां मुख्य रूप से आईआईटी जैसे संस्थानों से ही छात्रों भर्ती करना चाहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा से ज्यादा साथ मिलकर आगे बढने की बात है। जब उद्योग और शिक्षा संस्थान साथ आएंगे, तभी असली बदलाव संभव होगा। इस कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के चांसलर संतोष रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. चिनमय चंद्राकर और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन शामिल रहे।

## इप्टा के नाट्य शिविर में मनी पुण्यतिथि

# कैफ़ी आज़मी ने देश में रंग आंदोलन को दी नई दिशा, गीतों से भी दिया संदेश



**भिलाई।** भिलाई इप्टा द्वारा नेहरू हाऊस में आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य शिविर में इप्टा के पूर्व गतिशील लेखक संघ एवं इप्टा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैफ़ी आज़मी की पुण्य तिथि कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ साहित्याकर डां. कोमल सिंह सार्वा, परमेश्वर वैष्णव व लोक बाबू उपस्थित थे। सभी ने इप्टा के जनांदोलन और फिल्मों में कैफी के दीर्घ जीवन के अनुभव साझा किए।

डां. सार्वा ने कहा कि शिविर के माध्यम से आपकी छुपी हुईं प्रतिभा सामने आती हैं। आप लोग कला के माध्यम से समाज की विसंगतियों को सामने लाते हैं। परमेश्वर वैष्णव ने साहित्य के महत्व को रेखांकित किया उन्होंने प्रेमचंद, हरिशंकर परसाईं जैसे साहित्यकारों की रचनाओं के माध्यम से अपनी दृष्टि विकसित करने पर जोर दिया । लोक बाबू ने नेहरू सांस्कृतिक सदन के आयोजनों में परीक्षित साहनी, बलराज साहनी की याद को ताजा किया। उन्होंने बच्चों को एक छोटी सी कहानी के माध्यम से एक नाटक का आइडिया दिया । वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया और रोहित ने संचालन किया। कथाकार लोक बाबू ने अपने उपन्यास सूरज जहां डूबता है की प्रति भिलाई इप्टा के कलाकारों की भेंट की।

## सम्मान समारोह का आयोजन

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर महिलाओं व बच्चों का सम्मान



**भिलाई ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस और मदर्स डे के अवसर पर रिसाली के शिव मंदिर प्रांगण, मोहारी मरौदा (बीआरपी चौक) में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को एक मंच देना था, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। कार्यक्रम में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, कॉपी और पेन प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और समाज की सक्रिय महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आप के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा और गीतेश्वरी बघेल के प्रयास से किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर आप पार्टी से प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. भानु प्रकाश चंद्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा, प्रदेश कोषाध्यक्ष मुन्ना बिसेन, प्रदेश सचिव स्वाति तिवारी, लोकसभा महासचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला लोकसभा उपाध्यक्ष मनहरण लाल साहू, महासचिव अजय रामटेके, जिला किसान अध्यक्ष रूपेंद्र चंद्राकर, महिला विंग जिला अध्यक्ष लक्ष्मी निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, शशि भूषण सिंह, सरस्वती कोसरे, बसंती साहू और यूथ जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, रीता चौधरी, रूबी खान,मालती यादव, लीलावती चौधरी, प्रेमन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वावलंबी योग ने प्रथम बटालियन में पुलिस के जवानों के लिए लगाया शिविर

# तनावमुक्त और फिट पुलिसिंग की ओर कदम, 300 से ज्यादा जवानों ने सीखा योग और स्ट्रेस मैनेजमेंट

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** लगातार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, अनियमित दिनचर्या और मानसिक दबाव के बीच पुलिस जवानों के स्वास्थ्य और मनोबल को सशक्त बनाने हेतु प्रथम बटालियन परिसर में स्वावलंबी योग के तत्वावधान में विशेष योग एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में लगभग 300 पुलिस जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग, प्राणायाम और ध्यान की प्रभावी विधियों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन योग मास्टर आनंद सिंह के नेतृत्व में टीम सदस्य सोनू यादव, लिकेश्वर साहू, भूमिका पाण्डे, वंदना साहू एवं प्रियंका अग्रवाल द्वारा किया गया। यह आयोजन पुलिस जवानों को शारीरिक रूप से अधिक सुदृढ़, मानसिक रूप से संतुलित और तनावमुक्त बनाने के लिए किया गया थे।





### योग दैनिक जीवन के लिए जरूरी

योग मास्टर आनंद सिंह ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा, विश्वास और शांति की मजबूत आधारशिला है। ऐसे में जवानों का मानसिक रूप से शांत, संयमित और सकारात्मक बने रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित योग, ध्यान और प्राणायाम से तनाव नियंत्रण, एकाग्रता, धैर्य, सहनशक्ति और निर्णय क्षमता में काफी सुधार होता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्वास नियंत्रण, मानसिक संतुलन, शरीर की लचीलापन वृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा विकास और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों पर जोर दिया गया। जवानों ने भी इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रतिबद्धता जताई। समापन अवसर पर प्रथम बटालियन के अधिकारियों ने स्वावलंबी योग टीम एवं योग मास्टर आनंद सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस बल के समग्र स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट मिता पवार ने कहा कि योग और मानसिक संतुलन जैसे कार्यक्रम पुलिस बल को केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाकर बेहतर सेवा के लिए तैयार करते हैं।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# 48 साल की जेमी ने ज्वाइन किया ओनली फैन

'माय नेम इज अर्ल' के चारों सीजंस में 'जॉय टर्नर' का किरदार अदा करने वाली अभिनेत्री जेमी प्रेस्ली ने हाल ही में 'ओनलीफैंस' ज्वाइन किया है। वह हाल ही में उन एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हो गई हैं, जो इस सब्सक्रिप्शन बेस्ड प्लेटफॉर्म से जुड़ रही हैं।



उन्होंने 7 मई को इस प्लेटफॉर्म पर अपना पेज लॉन्च किया और वह उन हॉलीवुड सितारों में शामिल हो चुकी हैं, जो इस ऐप के माध्यम से डायरेक्टली अपने फैंस से कनेक्ट हो रही हैं, जिसके बारे में हाल ही में उन्होंने बात की। जेमी प्रेस्ली ने हाल ही में वैरायटी को दिए एक बयान में कहा, 'मैं हमेशा समय के साथ आगे बढ़ने में यकीन करती हूं। यह एक दूसरा तरीका है क्रिएटिविटी और इंटेंशन के साथ अपनी ऑडियंस से जुड़ने का, वो भी अपनी खुद की शर्तों पर।' 48 वर्षीय एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह कॉमिक-कॉन्स में अपने फैंस से मिली थीं, उसी दौरान उन्होंने ओनलीफैंस को एक्सप्लोर करने का फैसला लिया था। ओनलीफैंस पर जेमी प्रेस्ली का पेज बनाने में उनकी मदद क्रिएटर इंक के सीईओ एंडी बैचमैन ने की। उन्होंने कहा, 'जेमी मुख्यधारा की स्टार हैं और साथ ही उनका अपनी ऑडियंस के साथ रियल कनेक्शन है, जो मॉडर्न प्लेटफॉर्म्स के लिए एक रिवॉर्ड है। वह एक बड़ी एंटरटेनर हैं और निश्चित तौर पर वह जो भी क्रिएट करेंगी, उनके चाहने वालों को बहुत पसंद आने वाला है।' जेमी प्रेस्ली ने यह ऐप ज्वाइन करने का निर्णय अपनी दोस्त शैनन एलिजाबेथ के ठीक एक महीने बाद लिया। एलिजाबेथ ने यह ऐप अप्रैल में ज्वाइन किया था।

## टॉलीवुड

# मोहनलाल को परिवार ही समझ रहा क्रिमिनल, नए पचड़े में फंसे जॉर्जकुट्टी!

मोहनलाल का जॉर्जकुट्टी अवतार लौट आया है! मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस बार कहानी में दांव और भी ऊंचे हैं, और पुलिस, लोगों और यहां तक कि जॉर्जकुट्टी के अपने परिवार में भी संदेह बढ़ता जा रहा है।



मोहनलाल अपने उसी अवतार में लेकिन बिल्किल नए ढंग में नजर आ रहे हैं। स्टारकास्ट भी बिल्कुल वही है। 'दृश्यम 3' के ट्रेलर की शुरुआत में जॉर्जकुट्टी अपने घर में अपनी पत्नी और बेटियों के साथ बातचीत करते नजर आते हैं। उन्हें लगता है कि जिस अतीत में वे सभी पुलिस के साथ उलझे हुए थे और हत्या के आरोप में फंसाए गए थे, अंत में बरी हो गए थे, वो अब बीत चुका है। समाज में उन्हें स्वीकार कर लिया गया है। लेकिन, जॉर्जकुट्टी को इस बात पर यकीन नहीं होता। 'दृश्यम 3' का ट्रेलर सीधे तौर पर यह नहीं बताता कि किस वजह से जॉर्जकुट्टी और उसके परिवार के पीछे जांच एजेंसियों का एक समूह लग जाता है, लेकिन दर्शकों को यह हिंट मिलता है कि इस बार उसे हर पल सतर्क रहना होगा, एक भी गलत कदम नहीं उठाना होगा। एक जगह वह कहता है कि उसे डर है कि उसका परिवार भी उसे क्रिमिनल समझता है। अब वह आगे क्या करेगा? यही इस थ्रिलर की कहानी का आधार बनता है। यह फिल्म 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जो राष्ट्रीय पुरस्कार विनर मोहनलाल का जन्मदिन भी है। 'दृश्यम 3' का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया है और आशीर्वाद सिनेमाज के एंटनी पेरुम्बावूर ने इसे बनाया है। पेन स्टूडियोज और पैनोरमा स्टूडियोज के जयंतीलाल गाडा फिल्म इसे प्रस्तुत करते हैं। यह हिट फ्रैंचाइजी का तीसरा पार्ट है जिसमें जॉर्जकुट्टी को पुलिस बल से एक काले रहस्य को छिपाने के लिए संघर्ष करते हुए देखा गया है।

## भोजपुरी

# आकांक्षा की मौत के बाद 'परमसत्य' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत के बाद उनकी भोजपुरी फिल्म 'परमसत्य' का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें वो विधवा बनी हैं, जिसे एक आदमी से प्यार हो जाता है। फैंस कमेंट सेक्शन में उन्हें याद करके किलस रहे हैं। समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह को भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया गया है, जिनका शव 26 मार्च, 2023 को वाराणसी के एक होटल के कमरे में मिला था। अभी खबर चल ही रही थी कि उनके मौत के बाद उनकी पहली फिल्म 'परमसत्य' का ट्रेलर रिलीज हो गया। फैंस उनकी इस फिल्म में आखिरी बार उनकी झलक देखकर खुश भी हो रहे हैं और दुखी भी। भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे के मौत के बाद उनकी पहली भोजपुरी फिल्म 'परमसत्य' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वो एक विधवा बनी हैं जिसे एक आदमी से प्यार हो जाता है। परिवार इस रिश्ते के खिलाफ है और तब तक वो प्रेग्नेंट भी हो जाती हैं। कुल मिलाकर ये एक लव स्टोरी है। आकांक्षा दुबे के फैंस कमेंट सेक्शन में उन्हें याद करके भावुक हो रहे हैं। एक ने लिखा, 'दुःख की बात है इस फिल्म की हीरोइन जिंदा नहीं हैं, उनकी आत्मा को शत शत नमन।' एक ने कहा, 'आपकी बहुत याद आ रही है आकांक्षा जी।' एक कमेंट में लिखा था, 'उनके मरने से पहले ये फिल्म शूट हो चुकी थी, हम सब जरूर देखेंगे।' पुलिस ने शुरू में इसे आत्महत्या का संदिग्ध मामला बताया था, लेकिन लगभग तीन साल बाद यह मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब एक्ट्रेस की मां ने आत्महत्या की थ्योरी को सिरे से खारिज करते हुए सीबीआई जांच की मांग करते हुए एक याचिका दायर की और आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या की गई थी। उनकी याचिका ने न केवल पुलिस के शुरुआती निष्कर्षों को चुनौती दी है, बल्कि मामले की जांच के तरीके पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

लाइफ स्टाइल

## जेनेल के देख थम गईं निगाहें

सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



# हाथों की शोभा बढ़ाते हैं कंगन, पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में देते हैं खास लुक

कंगन एक ऐसा गहना है, जो हर महिला के हाथों की शोभा बढ़ाता है। ये न केवल पारंपरिक परिधानों के साथ अच्छा लगता है, बल्कि आधुनिक कपड़ों के साथ भी इसे पहना जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे कंगनों के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की अलमारी में होने चाहिए और आप उन्हें अलग-अलग अवसरों पर पहनकर स्टाइलिश दिख सकती हैं। इन्हें पहनकर आप किसी भी साधारण परिधान को खास बना सकते हैं।

**सुनहरी चेन वाले कंगन :** सुनहरी चेन वाले कंगन हर महिला के हाथों में खास दिखते हैं। इनकी डिजाइन इतनी सरल होती है कि आप इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ पहन सकती हैं। ये कंगन हल्के होते हैं और ये पहनने में आरामदायक होते हैं। सुनहरी चेन वाले कंगन हर प्रकार की पोशाक के साथ अच्छे लगते हैं, चाहे वह साड़ी हो या जींस और टॉप। इनकी चमक आपके हाथों को खास बना देती है और आप हर मौके पर इन्हें पहन सकती हैं।



**चांदी के ब्रेसलेट :** चांदी के ब्रेसलेट एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं, अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं। चांदी के ये ब्रेसलेट हल्के होते हैं और ये हाथों को एक एलिगेंट लुक देते हैं। आप इन्हें किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। चांदी के ब्रेसलेट की खासियत यह है कि ये हर मौके पर जचते हैं और आपके लुक को खास बना देते हैं।

### पत्थरों की कारीगरी वाले कंगन

पत्थरों की कारीगरी वाले कंगन उन महिलाओं के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं, जो कुछ अलग आजमाना चाहती हैं। इन पर कीमती पत्थरों की सजावट होती है, जो इन्हें खास बनाती है। पत्थरों की कारीगरी वाले कंगन को आप किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनकी खासियत यह है कि ये आपके हाथों को एक अलग ही लुक देते हैं और हर मौके पर जचते हैं।

### नाम लिखे हुए कंगन

अगर आप कुछ ऐसा चाहती हैं, जो सिर्फ आपका हो तो नाम लिखा हुआ कंगन आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इन पर आपका नाम या कोई खास संदेश लिखा जा सकता है, जिससे ये बेहद खास बन जाते हैं। इन ब्रेसलेट्स को आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं, चाहे वह जन्मदिन हो या सालगिरह। इनकी खासियत यह है कि ये आपके व्यक्तित्व को दर्शाते हैं और आपको एक अलग पहचान देते हैं।

# गर्मियों के लिए बढ़िया है डेनिम ट्यूब ड्रेस

फैशन



गर्मियों में ठंडक और आरामदायक महसूस करने के लिए डेनिम ट्यूब ड्रेस एक बेहतरीन परिधान हो सकती है। यह न केवल आपको स्टाइलिश लुक देती है, बल्कि गर्मियों की उमस से भी राहत दिलाती है। यह बिना बाजु और कंधों वाली ड्रेस होती है, जो डेनिम कपड़े से बनी होती है। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप डेनिम ट्यूब ड्रेस को विभिन्न तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं और आकर्षक दिख सकती हैं।

**कैजुअल लुक के लिए ऐसे करें स्टाइल :** आरामदायक लुक के लिए डेनिम ट्यूब ड्रेस को सफेद जूतों के साथ पहनें। यह मेल आपको आरामदायक महसूस कराएगा और साथ ही स्टाइलिश भी दिखाएगा। आप चाहें तो इसके साथ एक हल्की जैकेट भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगी।इसके अलावा आप अपने बालों का जूड़ा बनाकर एक नाजुक और आकर्षक लुक पा सकती हैं, जो गर्मियों की उमस में भी आपको ठंडक का एहसास दिलाएगा।

**पार्टी के लिए ऐसे बनाएं आकर्षक :** पार्टी के लिए डेनिम ट्यूब ड्रेस को ऊंची एड़ी वाली सैंडल के साथ पहनें। इससे आपकी लंबाई बढ़ेगी और पैर लंबे दिखेंगे, जो आपको एक आकर्षक लुक देंगे। इसके साथ ही आप हल्का मेकअप कर सकती हैं, जिसमें होठों का गहरा रंग शामिल हो। आप चाहें तो गहनों में केवल झुमके या एक पतली चेन पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आपको आरामदायक भी महसूस हो।



**ऑफिस के माहौल में ऐसे दिखें पेशेवर :** ऑफिस के माहौल में पेशेवर दिखने के लिए डेनिम ट्यूब ड्रेस को ब्लेजर के साथ पहनें। इससे आपका लुक गंभीर और पेशेवर लगेगा।साथ ही आप एक बेल्ट भी शामिल कर सकती हैं, जो आपकी कमर को उभार देगी और आपको स्मार्ट दिखाएगी। इसके अलावा आप अपने बालों की छोटी बनाकर रख सकती हैं, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और ऑफिस के माहौल में आप आरामदायक महसूस करें।

# पुराने हुए डीप-गोल पैटर्न! अब बनवाएं ये ब्लाउज बैक डिजाइन

सिंपल ब्लाउज का पैटर्न अब पुराना हो चुका है, अब बैक में ट्रेंडी और खूबसूरत कट वाली डिजाइन्स बनने लगी हैं। ये ब्लाउज डिजाइन सिंपल साड़ी पर भी सुंदर लगेंगे और हर कोई आप से टेलर का पता पूछेगा।

**ब्लाउज के लेटेस्ट बैक डिजाइन्स :** अगर आप अपने ब्लाउज लुक में कुछ नया और स्टाइलिश जोड़ना चाहती हैं, तो अब वक्त है सिंपल पैटर्न से आगे बढ़ने का। आजकल ब्लाउज के फ्रंट से ज्यादा बैक डिजाइन पर फोकस किया जा रहा है, जो पूरे लुक को बेहद आकर्षक बना देता है। खूबसूरत कटिंग, डोरी, लेस और यूनिक शेप्स वाले बैक डिजाइन्स न सिर्फ ट्रेंडी हैं, बल्कि हर साड़ी के साथ आसानी से स्टाइल भी किए जा सकते हैं। हरे रंग के इस ब्लाउज में प्लीटेड डिजाइन बनी हुई है और बीच में सफेद बटन या मोती लगा सकते हैं। ऊपर की ओर ओवल कट क्लासी लग रही है। ये ब्लाउज ट्रेंडी होने के साथ सुंदर भी है।

**लीफ बैक डिजाइन :** पफ स्लीव्स और लीफ वाली बैक डिजाइन के साथ ये ब्लाउज अच्छा लग रहा है। सिंपल या हैवी स्टाइल वाली साड़ी पर ये ब्लाउज सुंदर लगेगा।



**डोरी-मोती ब्लाउज :** डोरी लटकन वाले डिजाइन पसंद है, तो इस तरह की डोरी लगवाते हुए मोती लगवाएं। ऐसे ब्लाउज के बैक डिजाइन भी बेहद खूबसूरत लगेंगे। बैक साइड में गोल गले में ये क्लासी लुक देंगे।

**बेल बैक डिजाइन :** बैक ब्लाउज में आप बेल स्टाइल भी बनवा सकती हैं। इसमें नीचे से कंधे की ओर बेल बनाएं और बीच में लीफ बनाते जाएं। फिर इसमें मैचिंग बटन या मोती लगवा लें।

**हॉल्टक-डीप बैक ब्लाउज :** हैवी एम्ब्रॉयडरी वाले ब्लाउज में आप इस तरह का पैटर्न बनवा सकते हैं। हॉल्टर नेक डिजाइन बनाकर फिर डीप बैक सिलवाएं।

# पुरुष एक साधारण स्लीवलेस टी-शर्ट को ऐसे बना सकते हैं स्टाइलिश, मिलेगा कूल लुक

एक साधारण स्लीवलेस टी-शर्ट पुरुषों की अलमारी का एक अहम हिस्सा होती है। इसे सही तरीके से स्टाइल करके आप किसी भी मौके पर अच्छे दिख सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी फैशन टिप्स बताएंगे, जिनसे आप अपनी साधारण स्लीवलेस टी-शर्ट को अलग-अलग अंदाज में पहन सकते हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप हर बार नए लुक में नजर आएंगे और आपकी टी-शर्ट हमेशा आकर्षक लगेगी।

**जींस के साथ पहनें :** साधारण स्लीवलेस टी-शर्ट को जींस के साथ पहनना सबसे आम और आसान तरीका है। यह मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक रोजमर्रा के लिए आदर्श और स्मार्ट लुक भी देता है। अगर आप डेनिम जींस पहनते हैं तो यह लुक और भी खास लगता है। इसके साथ खेल के जूते या स्नीकर्स पहनें, ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकें।



**शॉर्ट्स के साथ करें मैच :** गर्मियों में ठंडक पाने और स्टाइलिश दिखने के लिए साधारण स्लीवलेस टी-शर्ट को शॉर्ट्स के साथ पहनना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह मेल आपको आरामदायक महसूस कराएगा और गर्मी में ठंडक भी देगा। काले या नीले शॉर्ट्स के साथ सफेद या हल्की रंग की टी-शर्ट जैसे रंगों का सही मेल बैठने की कोशिश करें। इसके साथ चप्पलें या सैंडल्स पहनें, ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकें।

**जैकेट के साथ करें पेयर :** सर्दियों में या जब मौसम थोड़ा ठंडा हो तब आप अपनी स्लीवलेस टी-शर्ट के ऊपर एक जैकेट पहन सकते हैं। चमड़े की जैकेट या डेनिम जैकेट, दोनों ही अच्छे लगते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि जैकेट का रंग आपकी टी-शर्ट से मेल खाता हो। इसके साथ कैजुअल जूते पहनें, ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकें। इस तरह आप ठंड में भी आरामदायक और फैशनेबल रह सकते हैं।

कार्नर न्यूज

## सही एक्सेसरीज के साथ और भी आकर्षक बना सकती हैं

# सूती साड़ी न केवल आरामदायक बल्कि इसे पहनने से आपको मिलता है एक क्लासी लुक

सूती साड़ी भारतीय महिलाओं के बीच एक पसंदीदा विकल्प है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि इसे पहनने से आपको एक क्लासी लुक भी मिलता है। सही एक्सेसरीज के साथ आप अपनी साधारण सूती साड़ी को और भी आकर्षक बना सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी एक्सेसरीज के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपनी साधारण सूती साड़ी को खास बना सकती हैं। इन्हें पहनकर आपको एक ट्रेंडी लुक मिल जाएगा।



### कानों में झुमके पहनें

साधारण सूती साड़ी के साथ बड़े और चमकीले झुमके बहुत अच्छे लगते हैं। ये न केवल आपके चेहरे को फ्रेम करते हैं, बल्कि आपके लुक में एक खास चमक भी जोड़ते हैं। आप सोने या चांदी के झुमके चुन सकती हैं, जो आपके चेहरे की खासियत को उभारेंगे और आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे। इन झुमकों का सही चयन आपकी साड़ी के साथ एक बेहतरीन मेल बनाएगा और आपको एक शाही अंदाज देगा।

### हाथों में कड़ा या चूड़ी

अपने हाथों में एक सुंदर कड़ा या चूड़ी पहनना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल आपके हाथों को सजाएगा, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाएगा। आप पारंपरिक चूड़ी या फिर कड़ा चुन सकती हैं, जो आपकी साड़ी के साथ मेल खाता हो। इन गहनों का सही चयन आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएगा और आपको एक शाही अंदाज देगा, जिससे आप हर मौके पर खास महसूस करेंगी।

### चोकर हार

गले में चोकर हार पहनने से भी आपका लुक बहुत खास लगेगा। चोकर हार आपके गले को सजाता है और एक शाही अंदाज देता है। आप अलग-अलग डिजाइन और रंगों के चोकर हार चुन सकती हैं, जो आपकी साड़ी के साथ मेल खाता हो। ये हार आपके गले को एक सुंदरता प्रदान करेंगे और आपको हर मौके पर खास महसूस करवाएंगे। इसके अलावा चोकर हार आपके पूरे लुक को और भी आकर्षक बना देगा।



### पैरों में पायल

पैरों में पायल पहनना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो आपके पूरे लुक को और भी खास बनाएगा। पायल आपके पैरों को एक सुंदरता प्रदान करती हैं और आपको हर मौके पर अलग पहचान दिलाती हैं। इस तरह आप अपनी साधारण सूती साड़ी को इन एक्सेसरीज के साथ खास बना सकती हैं। इन गहनों का सही चयन आपकी साड़ी के साथ एक बेहतरीन मेल बनाएगा और आपको हर मौके पर शानदार दिखाएगा।

स्वास्थ्य

# नकली घी सेहत के लिए हानिकारक, असली और नकली घी का ऐसे लगाएं पता



घी भारतीय खान-पान का एक अहम हिस्सा है। इसके कई सेहत से जुड़े फायदे होते हैं, लेकिन बाजार में मिलने वाले घी की शुद्धता पर अक्सर सवाल उठते हैं। नकली घी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है और इसका स्वाद भी अच्छा नहीं होता। इस लेख में हम आपको कुछ तरीके बताएंगे, जिनसे आप असली और नकली घी में फर्क कर सकते हैं। ऐसा करके आप अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे।

## पानी में डालकर देखें

पानी में थोड़ा घी डालकर इसकी शुद्धता जांच सकते हैं। अगर घी पानी में तुरंत घुल जाता है तो वह नकली हो सकता है, क्योंकि असली घी पानी में नहीं घुलता। असली घी धीरे-धीरे फैलता है और इसमें हल्की-सी खुशबू होती है। इस तरीके से आप असली और नकली घी में फर्क कर सकते हैं। यह परिक्षण हर किसी के लिए आसान है, क्योंकि इसमें ज्यादा मेहनत और समय नहीं लगता।

## फ्रिज में रखकर जांचें

फ्रिज में घी रखकर देखना भी उसकी शुद्धता की जांच करने का एक अच्छा तरीका है। असली घी फ्रिज में जम जाता है और उसका रंग थोड़ा बदल भी सकता है। वहीं, नकली घी फ्रिज में रखने पर भी अपनी स्थिरता बनाए रखता है। अगर आपके फ्रिज में रखा घी अलग स्थिरता वाला लगे तो समझ जाएं कि वह नकली है। इस तरीके से आप असली और नकली घी में अंतर कर सकते हैं और सही चुनाव कर सकते हैं।

## खुशबू पर ध्यान दें

असली घी की एक खास तरह की खुशबू होती है, जो दूध की वजह से ही आती है। अगर घी में प्राकृतिक दूध की महक महसूस होती है तो वह असली होगा। नकली घी में तेज और अप्राकृतिक खुशबू हो सकती है, जो इस बात का सीधा सबूत होती है कि घी दूध से नहीं बनाया गया है। इस तरीके से आप असली और नकली घी के बीच आसानी से फर्क कर सकते हैं।

## रंग पर गौर करें

अगर आप घी को देखकर पता लगाना चाहते हैं कि वह असली है या नकली तो पहले उसके रंग पर गौर करें। असली घी का रंग हल्का पीला होता है, जबकि नकली घी का रंग सफेद या गहरा पीला हो सकता है। अगर संदेह हो तो इसे देखकर ही फैसला करें। इस जानकारी से आप सही विकल्प चुन सकते हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। ज्यादा पीला घी रंग की मिलावट का संकेत होता है।

# लाल, हरी व पीली शिमला मिर्च में होता है अंतर; और तीनों के हैं अलग-अलग फायदे



शिमला मिर्च एक ऐसी सब्जी है, जो कई तरह से खान-पान में इस्तेमाल होती है। लाल, हरी और पीली शिमला मिर्च के बीच का अंतर जानने के बाद आप अपने भोजन में इनका सही उपयोग कर पाएंगे। लाल शिमला मिर्च पकी हुई होती है और इसमें अधिक पोषक तत्व होते हैं। हरी शिमला मिर्च कच्ची होती है और इसमें कम कैलोरी होती हैं। पीली शिमला मिर्च मीठी होती है और इसका स्वाद भी अन्य शिमला मिर्च से अलग होता है।

## लाल शिमला मिर्च के फायदे

लाल शिमला मिर्च में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें बीटा-कैरोटीन होता है, जो विटामिन-ए में बदल जाता है और आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लाल शिमला मिर्च का सेवन त्वचा के लिए भी लाभकारी हो सकता है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करने और उसे मुलायम बनाने में मदद करती है।

## हरी शिमला मिर्च के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ

हरी शिमला मिर्च में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद कर सकता है। इसमें विटामिन-सी और विटामिन-के की भरपूर मात्रा होती है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा हरी शिमला मिर्च में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन और जलन को कम कर सकते हैं। हरी शिमला मिर्च का सेवन वजन प्रबंधन में भी सहायक हो सकता है, क्योंकि इसमें कम कैलोरी होती हैं।

## पीली शिमला मिर्च के लाभ

पीली शिमला मिर्च में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकने में मदद करते हैं। इसमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो विटामिन- ए में बदल जाते हैं और आंखों के लिए फायदेमंद होते हैं। पीली शिमला मिर्च का सेवन त्वचा को नमी देने में भी मदद कर सकता है और त्वचा को स्वस्थ रख सकता है। इसमें आयरन भी होता है, जो खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर कर सकता है।

## तीनों शिमला मिर्च में पोषक तत्वों का अंतर

तीनों शिमला मिर्च में कैलोरी कम होती है और ये फाइबर का अच्छा स्त्रोत हैं। इसके अलावा तीनों में विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। हरी और पीली शिमला मिर्च में तांबा और मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है। लाल शिमला मिर्च में अधिक मात्रा में बीटा-कैरोटीन होता है, जो विटामिन-ए में बदल जाता है और आंखों के लिए फायदेमंद होता है।

शरीर का तापमान नियंत्रित रखना और हृदय को अतिरिक्त तनाव से बचाए रखना जरूरी

# गर्मियों में दिल के मरीज के लिए वरदान साबित हो सकते हैं ये स्वास्थ्यवर्धक टिप्स

गर्मियों में तापमान बढ़ने से हृदय पर काफी दबाव पड़ता है, खासकर उन लोगों पर, जो पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित हैं। इस दौरान शरीर का तापमान नियंत्रित रखना और हृदय को अतिरिक्त तनाव से बचाए रखना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे स्वास्थ्यवर्धक सुझाव देते हैं, जिन्हें अपनाकर हृदय रोगी गर्मियों में भी स्वस्थ रह सकते हैं और गर्मियों के दौरान हृदय रोग से जुड़े जोखिमों को कम कर सकते हैं।



## ठंडे पानी से न नहाएं

गर्मियों में ठंडे पानी से नहाना भले ही आपको ताजगी देता हो, लेकिन इससे हृदय पर बुरा असर पड़ सकता है। ठंडे पानी से नहाने पर शरीर का तापमान अचानक से नीचे आ जाता है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप गर्मियों में नहाने के लिए हल्के गर्म पानी का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप गर्म पानी में थोड़ा ठंडा पानी मिलाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## गर्मियों में हृदय रोगियों के लिए हाइड्रेट रहना भी है जरूरी

गर्मियों में हृदय रोगियों के लिए शरीर में पानी की कमी न होने देना जरूरी है। इसके लिए वे तरबूज, खीरा, टमाटर, खरबूजा और संतरे जैसे मौसमी फलों का सेवन कर सकते हैं। इन फलों में पानी होता है, जो शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकता है और शरीर को ठंडक भी देता है। इसके अतिरिक्त हृदय रोगी नारियल पानी का सेवन भी कर सकते हैं। इसमें प्राकृतिक रूप से भरपूर पोटेशियम और मैग्नीशियम मौजूद होते हैं।

## दिन में 8 से 10 गिलास पानी का करें सेवन

गर्मियों में पसीना आने से शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती है, जो हृदय के लिए खतरनाक हो सकता है। इसलिए रोजाना 8 से 10 गिलास पानी का सेवन जरूर करें। इसके अतिरिक्त शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए नारियल पानी, ताजे फल का रस या अन्य तरल पदार्थों का सेवन भी करें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और गर्मियों में होने वाली कई परेशानियों से बचाव हो सकता है।

## घर से बाहर निकलते समय पहनें ढीले कपड़े

गर्मी और उमस से बचने के लिए ढीले और हल्के कपड़े पहनें। सूती और हल्के रंग के कपड़े सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को सांस लेने देते हैं और पसीने को जल्दी सोख लेते हैं। इसके अतिरिक्त घर से बाहर निकलते समय सिर को किसी टोपी या स्कार्फ से ढक लें। इससे सिर पर सीधा सूरज का प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही धूप से चेहरे, कान और गर्दन जैसे संवेदनशील अंगों की रक्षा हो सकेगी।

## नियमित रूप से व्यायाम करें

गर्मियों में भी नियमित रूप से व्यायाम करना जरूरी है, लेकिन इसके लिए सुबह और शाम का समय सबसे अच्छा है। हृदय रोगी रोजाना 30 से 45 मिनट तक तेज चलने या दौड़ने का अभ्यास करें। इससे आपका हृदय मजबूत होगा और आप गर्मियों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहेंगे। इसके अतिरिक्त हृदय रोगी योग और स्ट्रेचिंग भी कर सकते हैं। इससे शरीर का लचीलापन बढ़ेगा और पसीना भी निकलेगा।

# छोटे बच्चों को पैकेट वाला खाना खिलाते हैं तो हो जाएं सावधान...



आजकल लगभग हर चीज का पैकेट वाला विकल्प उपलब्ध है और बच्चों के लिए भी कई तरह के पैकेट वाले खाने आ गए हैं। इनमें से कई खाद्य पदार्थ तो बच्चों को पसंद आते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि इनका सेवन आपके बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है? आइए जानते हैं कि पैकेट वाले खाने में मौजूद चीजें छोटे बच्चों के लिए कितनी हानिकारक हो सकती हैं और इससे क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

## मोटापे का बन सकते हैं कारण

पैकेट वाले खाने में चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो बच्चों के मोटापे का कारण बन सकती है। आजकल बच्चों में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है और इसका मुख्य कारण उनके द्वारा खाए जाने वाले पैकेट वाले व्यंजन भी हैं। मोटापा बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप। इसलिए, बच्चों को ताजा और संतुलित डाइट देना बहुत जरूरी है।



## सेहतमंद खाने की नहीं होगी पहचान

अगर आप अपने छोटे बच्चे को शुरू से ही पैकेट वाला खाना देने लगे हैं तो इसके कारण बच्चे को सेहतमंद खाने का स्वाद और महत्व नहीं पता चलेगा। इससे बच्चे के पोषण पर बुरा असर पड़ सकता है और वह स्वस्थ डाइट की आदत नहीं सीख पाएगा। इसके अलावा पैकेट वाले खाने में पोषक तत्वों की कमी होती है, जिससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

## कमजोर हो सकता है रोग प्रतिरोधक तंत्र

पैकेट वाले खाने में मौजूद रसायन और संरक्षक बच्चों के रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर कर सकते हैं। जब बच्चे की यह क्षमता कमजोर होती है तो वह आसानी से संक्रमण और बीमारियों का शिकार बन सकता है। कमजोर रोग प्रतिरोधक तंत्र के कारण बच्चे को बार-बार खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों को पैकेट वाला खाना देने से पहले ध्यान रखें कि उनमें पोषक तत्वों की कमी न हो।

## हो सकती हैं पाचन समस्याएं

पैकेट वाले खाने में रसायनों की मात्रा अधिक होती है, जो छोटे बच्चों के पाचन तंत्र पर बुरा असर डालती है। इससे बच्चों को गैस, पेट दर्द और कब्ज जैसी कई तरह की पाचन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पैकेट वाले खाने के सेवन से बच्चों को उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं भी हो सकती हैं। इसलिए, बच्चों को ऐसा खाना देने से पहले ध्यान रखें कि उनमें पोषक तत्वों की कमी न हो।

## दांतों को भी पहुंचा सकता है नुकसान

पैकेट वाले खाने में चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो बच्चों के दांतों को प्रभावित कर सकती है। इससे बच्चों को दांत में दर्द और कैविटी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पैकेट वाले खाने का सेवन करने से बच्चों के दांतों में सड़न भी हो सकती है। इसलिए, बच्चों को पैकेट वाला खाना देने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उनमें पोषक तत्वों की कमी न हो।

# वेट लिफ्टिंग के खिलाड़ियों ने महापौर से की मुलाकात



**दुर्ग।** दुर्ग शहर के राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान महापौर द्वारा सभी बच्चों तथा प्रशिक्षक से उनके खेल उपलब्धियों तथा प्रशिक्षण के बारे मे जानकारी ली गई। सभी खिलाड़ियों द्वारा अपने स्कूल नेशनल गेम्स तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अनुभव को बताया। प्रशिक्षक राजशेखर राव ने बताया गया कि कई वर्षों पुराने वेट लिफ्टिंग रॉड एवं प्लेट से अभ्यास कर रहे हैं, जो कि जर्जर स्थित में है। महापौर द्वारा पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा गया कि इस वर्ष के बजट सत्र में उपकरण दिलाने की बात कही। इस सौजन्य मुलाकात में वेट लिफ्टिंग के प्रशिक्षक बी.राजशेखर राव, श्रीमति मंजू पांडे, खिलाड़ी प्रवीण, आशीष, जीवेश सोनी, बी वेंकटेश राव, अर्पित, वंश बेरिया, नमन, रेहान, ओम उपाध्याय, संतोषी मांझी, कोमल, रीना, राजेश्वरी, सुहाना बेरिया, बी श्रद्धा, नारायणी पांडे, माधवी बागडे, काशवी उपस्थित रहे।

# 30 साल की उम्र में ही घुटनों में हो रहा है दर्द तो जानें ऐसा होने के कारण

आमतौर पर बुजुर्गों को घुटनों में दर्द की शिकायत होती है, लेकिन आजकल यह समस्या युवा लोगों में भी देखने को मिल रही है।

खासकर 30 साल के आसपास के लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण है जीवनशैली और खान-पान में बदलाव। इस लेख में हम आपको 30 साल की उम्र में घुटनों में दर्द होने के 5 मुख्य कारण बताएंगे, जिससे आप समय रहते इस स्वास्थ्य समस्या से निपट सकते हैं।

**वजन का बढ़ना :** अधिक वजन होना घुटनों पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे दर्द हो सकता है। अगर आपका वजन सामान्य से अधिक है तो इसे नियंत्रित करने की कोशिश करें। इसके लिए आप संतुलित आहार लें और नियमित व्यायाम करें। तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें और फल-सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। इसके अलावा पानी का सेवन भी बढ़ाएं, ताकि शरीर में नमी बनी रहे और वजन कम करने में मदद मिले। इस तरह आप अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं।

**शारीरिक सक्रियता की कमी :** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग शारीरिक सक्रियता पर ध्यान नहीं देते, जिससे शरीर कमजोर हो जाता है और घुटनों पर भी असर पड़ता है।



नियमित रूप से योग, स्ट्रेचिंग या हल्की-फुल्की कसरत करने से आपके शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और घुटनों पर दबाव कम पड़ता है। इसके अलावा शारीरिक सक्रियता से खून का बहाव बेहतर होता है, जिससे दर्द में भी राहत मिलती है। इसलिए, रोजाना कुछ मिनट ही सही, लेकिन कसरत जरूर करें।

**गलत जूते पहनना :** गलत जूते पहनने से भी घुटनों में दर्द हो सकता है। अगर आप ऊंची एड़ी के जूते पहनते हैं तो इससे घुटनों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है, जिससे दर्द हो सकता है। इसके अलावा तंग या असुविधाजनक जूते भी समस्या पैदा कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा आरामदायक और सही साइज के जूते पहनें। जूते खरीदते समय ध्यान दें कि वे पैरों को सही समर्थन दें और आरामदायक हों। इससे आपके घुटनों को अतिरिक्त तनाव से बचाया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

कुछ जरूरी चीजें अपने पास रखना बहुत अहम है, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित रहे

# ट्रेन की यात्रा के दौरान पर्स में जरूर रखें कुछ चीजें, जरूरत पर आती हैं काम

ट्रेन से यात्रा करना एक आरामदायक और सुविधाजनक तरीका है, खासकर लंबी दूरी की यात्रा के लिए। हालांकि, इस दौरान कुछ जरूरी चीजें अपने पास रखना बहुत अहम है, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित रहे। इसके साथ ही तैयारी के साथ आप किसी भी समस्या का सामना आसानी से कर सकते हैं। आइए जानें कि ट्रेन की यात्रा के दौरान पर्स में कौन-कौन सी चीजें रखनी चाहिए, ताकि आपकी यात्रा आरामदायक और सुरक्षित हो।



## पानी की बोतल

ट्रेन की यात्रा के दौरान पानी पीते रहना बहुत जरूरी है। इसलिए, अपने पर्स में एक पानी की बोतल जरूर रखें। इससे आप किसी भी समय तरोताजा महसूस कर सकते हैं और पानी की कमी से बच सकते हैं। कोशिश करें कि बोतल प्लास्टिक की न हो, बल्कि धातु या कांच की हो ताकि पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचे। इसके अलावा यात्रा के दौरान पानी की सफाई का भी ध्यान रखें।

## हल्के नाश्ते

लंबी यात्रा के दौरान भूख लगना आम बात है, इसलिए अपने पर्स में कुछ हल्के और पौष्टिक नाश्ते जरूर रखें। जैसे कि सूखे मेवे या मखाने। ये न केवल भूख मिटाएंगे, बल्कि आपको ऊर्जा भी देंगे। इसके अलावा आप फल, जैसे सेब या केला भी ले सकते हैं, जो ताजगी भरे और सेहतमंद होते हैं। इससे आप यात्रा के दौरान स्वस्थ रहेंगे और किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## प्राथमिक चिकित्सा सामग्री

ट्रेन की यात्रा के दौरान कभी-कभी कुछ स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जैसे सिरदर्द, पेट दर्द या बुखार। इसलिए, अपने पर्स में कुछ प्राथमिक चिकित्सा सामग्री जरूर रखें, जिसमें दर्द कम करने वाली दवाइयां, बुखार कम करने वाली दवाइयां और अन्य जरूरी दवाइयां शामिल हों। इसके अलावा पट्टी, एंटीसेप्टिक क्रीम और कुछ प्राथमिक उपचार का सामान भी रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर वह तुरंत काम आ सके।



## चार्जर

आजकल हर कोई अपने मोबाइल फोन का उपयोग करता है, चाहे वह यात्रा हो या घर। इसलिए, अपने पर्स में एक चार्जर जरूर रखें, ताकि आपका फोन हमेशा चार्ज रहे। यह खासकर तब जरूरी है जब आपकी यात्रा लंबी हो और आपको किसी भी समय अपने फोन की जरूरत पड़े। चार्जर से आप बिना किसी चिंता के अपने सभी जरूरी काम कर सकते हैं और किसी भी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## जरूरी कागजात

अपनी यात्रा शुरू करने से पहले सभी जरूरी कागजात, जैसे टिकट और पहचान पत्र आदि को सुरक्षित जगह पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर आसानी से मिल सकें। ये कागजात आपके लिए बहुत अहम होते हैं, इसलिए इन्हें ध्यानपूर्वक संभालकर रखना चाहिए, ताकि यात्रा सुगम हो सके। इसके अलावा अपने पास एक कॉपी भी रखें, जिसमें सभी महत्वपूर्ण जानकारियां लिखी हों, ताकि जरूरत पड़ने पर आसानी से इस्तेमाल की जा सके।

# बीएसपी कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की मांगों को लेकर इंटक ने किया जंगी प्रदर्शन

## मुर्गा चौक पर नारेबाजी के साथ सेल चेयरमेन के नाम आईआई को सौंपा 13 सूत्रीय मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक भिलाई और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर मुर्गा चौक में जंगी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद सेल अध्यक्ष के नाम ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ राहुल थोटे को सौंपा गया। ज्ञापन में यूनियन ने चेतावनी दी कि जल्द ही मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ठेका श्रमिकों की छंटनी और न्यूनतम वेतन तथा कर्मचारियों के 39 महीने के लंबित एरियर्स व बुनियादी समस्याओं सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सुबह सैकड़ों श्रमिक व कर्मचारी मुर्गा चौक में एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान मांगों व प्रबंधन की उदासीनता पर नारेबाजी की गई। इंटक नेताओं ने कहा कि बीएसपी के कर्मवीरों के अथक प्रयासों से सेल में बीएसपी के अग्रणी ऊंचाईयों को छूने के बाद भी वर्ष 2017 से अब तक 40 हजार करोड़ रुपये के लाभ के बाद भी श्रमिकों की लंबित मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इससे कर्मियों व ठेका श्रमिकों में भारी आक्रोश है।

39 माह के एरियर्स का भुगतान नहीं होने तथा ठेका श्रमिकों की 35% छंटनी के प्रस्तावित फरमान से मेहनतकशों का मनोबल गिरा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने रुककर समर्थन दिया। प्रदर्शन बाद इंटक के महासचिव संजय साहू की अगुवाई में यूनियन पदाधिकारियों ने सेल चेयरमेन के नाम आईआर के सीनियर मैनेजर को सौंपे गए ज्ञापन में सभी मांगों के जल्द निदान की मांग की गई।

### यह हैं प्रमुख मांगें

1 जनवरी 2017 से लंबित वेतन समझौते के तहत 39 माह के एरियर्स राशि का शीघ्र पूर्ण भुगतान और 1 जनवरी 2027 से प्रारंभ होने वाले आगामी वेतन समझौते के लिए एनजेसीएस समिति का शीघ्र गठन किए जाने की मांग की गई। साथ ही 2007 से संचालित मंथली इंसेंटिव स्कीम में आवश्यक संशोधन, 650 वर्ग फीट तक के आवासों को लाइसेंस के तहत देने, बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल के प्रस्तावित निजीकरण को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को टाउनशिप के विद्यालयों में पूर्ण सब्सिडी प्रदान की जाए तथा उच्च शिक्षा हेतु शिक्षा भत्ता दिया जाए।



### ठेका श्रमिकों की मांगें

बीएसपी में 35% ठेका श्रमिकों की छंटनी तत्काल प्रभाव से बंद करने, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन अथवा न्यूनतम 26 हजार मासिक वेतन सुनिश्चित किया जाए। एस-1 ग्रेड के अनुरूप वेतन प्रदान किया जाए। स्थायी प्रकृति के कार्य में लगे ठेका श्रमिकों को रात्रि भत्ता, अवकाश, आवास भत्ता, शिक्षा भत्ता एवं मोटरसाइकिल भत्ता देने, कौशल उन्नयन हेतु नियमित प्रशिक्षण एवं रोजगार की निरंतरता सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### घनश्याम कॉलेज में मना रेडक्रॉस दिवस

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों विश्व रेड क्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस स्थापना दिवस मनाया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानीगुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, प्रबंधक भावना सिंह राजपूत, सलाहकार डॉ. नागेंद्र शर्मा एवं सहसचिव मोतीलाल भंडारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज में रेड क्रॉस सोसायटी की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं के बीच कराया गया। इसमें छात्राओं को समाज के प्रति समर्पण की भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समाज सेवा के प्रति उन्हें जागरूक करना महत्वपूर्ण उद्देश्य था।

### पोटियाकला में कबीर प्राकट्य दिवस 16 मई को

**दुर्ग।** पोटियाकला वार्ड 54 में प्रतिवर्षानुसार कबीर आश्रम में विगत कई वर्षों से कबीर प्रागटय दिवस (बरसाईत पूर्णिमा ) मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष 16 मई दिन शनिवार को 629 वां कबीर प्रागटय दिवस मनाया जा रहा है। जिनमें सात्विक यज्ञ चौका आरती महंत खोरबाहरा साहेब के व्दारा किया जायगा। जिनमें आश्रम के पदाधिकारी सदस्य व पार्षद वार्ड वासी उपस्थित रहेगे। यह जानकारी आश्रम के प्रचार सचिव भूपत साहू व वेदप्रकाश (बेदू) साहू ने दी।

### सुरक्षा प्रणाली की सफलता के लिए सहभागिता जरूरी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में स्टैंडर्ड सस्टेनेंस ट्रैकर विषय पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल थे। सीजीएम देवदत्त सतपथी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यवस्थित ट्रैकिंग प्रणाली से कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने इसकी उपयोगिता पर जोर दिया।फैकल्टी वक्ता महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री डेली ऑब्जर्वेशन एवं कंट्रोल की अवधारणा पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि किसी भी सुरक्षा प्रणाली की सफलता के लिए विभाग के शत-प्रतिशत कार्यक्षेत्र एवं सभी कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में 32 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## गुरुनानक सरोवर से शीतला तालाब तक फैली गंदगी

# तालाबों पर गंदगी का कहर, कमल, जलकुंभी और अन्य जलीय पौधों ने भी बिगाड़े हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में कई तालाब ऐसे हैं जो सफाई न होने के चलते दूषित और गंदगी से अटे पड़े हैं। तालाबों की नियमित साफ-सफाई और संरक्षण को लेकर केवल कागजों पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे तालाबों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई तालाब कचरे, गंदगी, कमल और जलीय खरपतवार से पूरी तरह पट चुके हैं। पानी इतना दूषित है कि उसमें से बदबू आ रही है।

इन तालाबों की बात करें तो नेहरू नगर स्थित भेजवा तालाब, जिसे गुरुनानक सरोवर के नाम से भी जाना जाता है, सबसे ज्यादा प्रभावित है। तालाब में जलीय खरपतवार और कमल इतनी मात्रा में फैल चुका है कि पानी का बड़ा हिस्सा ढंक गया है। आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंके जाने से तालाब का पानी भी प्रदूषित हो चुका है। वहीं सुपेला स्थित शीतला तालाब की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। तालाब गंदगी और कमल गुट्टा से भर गया है। इन तालाबों की लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई है। इसके अलावा तालाब के आसपास संचालित खटालों में मवेशियों को तालाब में नहलाया जा रहा है, जिससे पानी और अधिक दूषित हो रहा है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो शहर के पारंपरिक जलस्रोत पूरी तरह प्रदूषित हो जाएंगे।

### तालाबों में जलकुंभी और कमल चारों तरफ फैला, निगम सफाई में नहीं दे रहा ध्यान



शीतला तालाब सुपेला

### बिना सफाई नहर से भर दिया तालाब

कुरुद स्थित नकटा तालाब में चारों तरफ गंदगी फैली है। मई में इस तालाब की सफाई किए बिना ही नहर के पानी से इस भर दिया गया। यदि इस तालाब के ऊपर गाद और कचरे को हटाकर इसे भरा जाता तो पानी और साफ हो सकता था। इस तालाब में नालियों और सीवरेज का गंदा पानी छोड़ा जाता है। इससे यह लोगों और मवेशियों के निस्तारी लायक नहीं है। सबसे अहम इस तालाब का धार्मिक महत्व काफी अधिक होने के बाद भी निगम इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



भेलवा तालाब नेहरू नगर

### डिसिल्टेशन से फिर जीवंत हो सकते हैं तालाब

विशेषज्ञों के अनुसार मई और जून का समय तालाबों के डिसिल्टेशन और गहरी सफाई के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान तालाबों से गाद, जलकुंभी और खरपतवार हटाने के बाद बारिश का पानी स्वतः भर जाता है, जिससे जलस्रोत फिर से जीवंत हो सकते हैं। जानकारों का कहना है कि वर्तमान समय में तालाबों की जड़ से सफाई कराई जानी चाहिए, ताकि स्वच्छ पानी का संरक्षण हो सके और जल गुणवत्ता में सुधार आए।

### भेलवा तालाब में सफाई के बाद होगा जलभराव, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत स्थित भेलवा तालाब में जलभराव कार्य के दौरान पानी निकासी स्थल पर कचरा जमा होने से पानी का प्रवाह बाधित हो गया है। स्थिति को देखते हुए निगम अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया तथा तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि पानी निकासी वाले स्थान पर कचरा जाम होने के कारण पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है। तालाब की समुचित सफाई के लिए पहले पानी की दिशा परिवर्तित कर सफाई कार्य कराया जायेगा, इसके बाद फिर से तालाब में पानी भरने का काम होगा। निरीक्षण के दौरान भेलवा तालाब के समीप नवनिर्मित नाला निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने नाला निर्माण की गुणवत्ता एवं जल निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निगम द्वारा क्षेत्र में जलभराव एवं सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, उप अभियंता बसंत साहू, रीमा जामुलकर, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंकित सक्सेना उपस्थित थे।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा तालाबों की साफ सफाई को कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इसके चलते तालाबों का स्वरूप ही बदल गया है। नेहरू नगर तालाब का पानी प्रदूषित होने के साथ ही मटमैला हो चुका है। डिसिल्टेशन और गहरी सफाई बेहद जरूरी हो गया है।

**वीएन पाण्डेय,** भू-जल विशेषज्ञ

## पटरी पार का सबसे बड़ा जवाहर नगर खेल मैदान हाईमास्ट लाइट से जगमगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पटरीपारा वार्ड 18 जवाहर नगरका सबसे बड़ा खेल मैदान में हाईमास्ट लाइट स्थापना का कार्य पूर्ण होने पर सोमवार को महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने लोकार्पण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शेखर चन्द्राकर, पार्षद सुरूचि उमरे, पार्षद विद्यावती सिंह, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, ललिता अरुण सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। 2 अक्टूबर 2025 के अवसर को आयोजित कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार द्वारा जवाहर नगर खेल मैदान में हाईमास्ट लाइट लगाने की घोषणा की गई थी, जिसे अब पूर्ण कर नागरिकों को समर्पित किया गया। हाईमास्ट लाइट शुरू होने से पूरा खेल मैदान रोशनी से जगमगा उठा, जिससे खिलाड़ियों एवं नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बाघमार ने कहा कि खेल मैदानों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने से मैदान में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगेगी और यह मैदान केवल खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के लिए उपयोग में आएगा। साथ ही महिलाओं, बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों को भी सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। महापौर ने आगे कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्य निरंतर जारी हैं। नागरिकों से किए गए वादों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है तथा आने वाले समय में भी खेल, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं को लेकर कार्य किए जाएंगे।

- महापौर अल्का बाघमार ने किया उद्घाटन रात में भी होंगे खेलों के आयोजन

## ननि ने ठेका एजेंसी का अनुबंध किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक के तहत गोकुल नगर एवं गणपति विहार परियोजना में कुल 444 आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य हेतु मेसर्स अशोक कुमार मित्तल, कोरबा को वर्ष 2018 में कार्यादेश जारी किया गया था। निर्धारित 18 माह की समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाना था, किंतु लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। 13 नोटिस के बाद भी कार्य में गति नहीं आई। निगम अधिकारियों द्वारा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य में पाई गई कमियों एवं धीमी प्रगति को लेकर एजेंसी को कुल 13 नोटिस जारी किए गए। एजेंसी को कई अवसरों पर समयवृद्धि भी प्रदान की गई, बावजूद इसके कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। कोविड-19 महामारी के बाद भी विभाग द्वारा लगातार भुगतान एवं निर्देश जारी किए जाने के बावजूद एजेंसी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की जाती रही।

- निगम ने मेसर्स अशोक कुमार मित्तल का अनुबंध समाप्त किया
- अनुबंध की कंडिका 1.15 के तहत कार्यादेश निरस्त

### निगम करेगा शेष कार्य

गोकुल नगर परियोजना अंतर्गत 336 आवासों में से 35 हितग्राहियों को आवास आबंटित किए जा चुके हैं, किंतु निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण हितग्राही आवास ग्रहण करने एवं किश्त जमा करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं गणपति विहार परियोजना के 108 आवास भी अपूर्ण पाए गए हैं। उक्त कार्यों का भुगतान एजेंसी की सुरक्षा निधि एवं धरोहर राशि से किए जाने का प्रस्ताव है। अनुबंध समाप्त, धरोहर राशि राजसात विभागीय निरीक्षण उपरांत एजेंसी को फरवरी 2026 में एक माह के भीतर इंटर्नल फिनिशिंग, विद्युत, पेंटिंग आदि निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु स्थल पर पर्याप्त श्रमिक नहीं लगाए गए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा परियोजना को 30 सितम्बर 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, परंतु वर्तमान प्रगति को देखते हुए लक्ष्य प्राप्ति संभव नहीं प्रतीत होने पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अनुबंध की कंडिका 1.15 के तहत मेसर्स अशोक कुमार मित्तल, कोरबा के साथ निष्पादित अनुबंध समाप्त कर कार्यादेश निरस्त कर दिया गया है। साथ ही एजेंसी की धरोहर एवं सुरक्षित राशि राजसात करने तथा निगम की आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित करने की कार्यवाही की गई है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के आधार पर कार्यों को दें प्राथमिकता, आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण, परिवहन और निपटान चार श्रेणियों में अनिवार्य रूप से किया जाना है। इसके लेकर नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सोमवार को निगम सभागार कक्ष में स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक लिए।

आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के आधार पर कार्य को प्राथमिकता देने कहा गया है। जैसे गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट, विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को समय पर किया जाना है। बल्क वेस्ट जेनरेटर, समय-सीमा का निर्धारण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपलब्ध अधोसंरचना का अंकेक्षण, लीगेसी वेस्ट डंपसाइट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, ठोस अपशिष्ट संग्रहण के लिए क्रय किए जा रहे कार्यों को प्राथमिकता देने कहा है। नवीन वाहनों और पूर्व से कार्यरत वाहनों में चार-कक्षीय संग्रहण, जन जागरूकता, आनलाइन शिकायत, शिक्षण संस्थाओं की सहभागिता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का क्रियान्वयन नहीं होने की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जोन आयुक्त ऐशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाए स्वास्थ्य अधिकारी गुप्ता, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### आयुक्त ने आम जनता से किया अनुरोध

निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में सभी नागरिकों से अनुरोध किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपनी घरों से निकलने वाले कचरा को पृथक करके महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को दें जिससे एस एल आर एम सेंटर के कार्यों को आसान किया जा सके और होने वाले व्यय में कमी की जा सके। स्कूल, अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में सामुदायिक शौचालय साफ सुथरा रखने आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है। बैठक में आयुक्त के आदेशानुसार मुख्य कार्यालय और पांच जोन के स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम अपने-अपने मैदानी क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर कार्य करेगें।




## आम आदमी पार्टी ने नगर निगम के समक्ष किया प्रदर्शन

# 850 करोड़ के बजट के बाद भी शुद्ध पेयजल से वंचित भिलाई की जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने सोमवार को आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध न करा पाने और निगम प्रशासन की विफलताओं के खिलाफ नगर निगम मुख्य कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव वदूद आलम, महिला सचिव के ज्योति, भिलाई नगर चुनाव प्रभारी डॉ. एसके अग्रवाल और पूर्व आरटीआई प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा थाली बजाते हुए निगम आयुक्त, महापौर और नेता प्रतिपक्ष के चित्र को बाटलों में लाए गए गंदा पानी भी पिलाया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हाल ही में निगम ने 850 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट पास किया है। जहां कांग्रेस और भाजपा के पार्षद इस बजट का जश्न मनाने और घूमने में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर भिलाई की जनता शिवनाथ नदी के शुद्ध पानी के लिए तरस रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की अमृत जल मिशन, जल जीवन मिशन और भागीरथी योजना के नाम पर अरबों-खरबों रुपये खर्च किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति शून्य है। खम्हरिया वार्ड 1 से लेकर कई क्षेत्रों में आज भी लोग बोर के पानी पर निर्भर हैं। खुर्सीपार वार्ड 46 और गौतम नगर में लोग पिछले कई वर्षों से केमिकल युक्त पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे पीलिया जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। वहीं हुडको में पाइपलाइन बिछाकर छोड़ दी गई, लेकिन वर्षों बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। यहां के निवासी आज भी बीएसपी के भरोसे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निगम ने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए लाखों रुपए खर्च कर वाटर एटीएम लगवाए ताकि पानी को व्यवसाय बनाया जा सके। वर्तमान में स्थिति यह है कि इनमें से अधिकतर वाटर एटीएम बंद पड़े हैं, जो केवल भ्रष्टाचार का एक जरिया साबित हुए हैं।





### आयुक्त को सौंपा केमिकल युक्त पानी का सैंपल

घेराव के दौरान पानी की किल्लत से त्रस्त वार्ड 51 शिवाजी नगर और वार्ड 35 की बड़ी संख्या में महिलाएं और निवासी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त को केमिकल युक्त गंदा पानी सैंपल के रूप में सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शिवनाथ नदी का शुद्ध जल हर घर तक नहीं पहुँचा, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले साथी बलविंदर, धर्मेंद्र चौधरी, रामपाल, सहप्रभारी रऊफ अंसारी, शिव शेट्टी, पंकज चौधरी, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, विजय अग्रवाल, देवेंद्र, तिलक, पिंकी, हरचरण, पुरुषोत्तम राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।